दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। गुरुवार 23 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 120 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




### इजरायल के बाद अमेरिका ने भी कही पाक को चुभने वाली बात

# पाकिस्तान को सख्त संदेश-आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के बीच सीजफायर पर पहले इजरायल ने पाकिस्तान को भरोसेमंद नहीं माना था। अब इशारों ही इशारों में अमेरिका ने भी पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पहलगाम हमले की पहली बरसी के दौरान अमेरिका ने साफ कह दिया है कि वह भारत के साथ खड़ा है। इजरायल और ईरान तक पाकिस्तान पर सवालिया निशान लगा चुके हैं। उन्हें पाकिस्तान पर कतई भरोसा नहीं रहा है। अमेरिका की यह बात ईरान के साथ शांति वार्ता कराने वाले




बिचौलिये पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को जरूर चुभेगी।

नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा-पहलगाम में हुए भयावह हमले की पहली बरसी पर हम मारे गए निर्दोष लोगों को याद करते हैं और उनकी यादों का सम्मान करते हैं। हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। गोर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर सख्त लहजे में इशारा करते हुए कहा-अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लोगों के साथ खड़ा है।

# चोरी रोकने को लेकर सीपी जे रविंदर गौड के सख्त निर्देश

## क्राइम मीटिंग में ऑपरेशन प्रहार, कन्विक्शन और सत्यापन पर फोकस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मंगलवार रात पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में हाई लेवल क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने की। इस दौरान दोनों एडिशनल सीपी केशव चौधरी और राजकरन नैय्यर, डीसीपी धवल जायसवाल, डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी समेत सभी सर्किल के एसीपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। मीटिंग में सीपी ने बीते वर्ष के अपराध रिकॉर्ड की विस्तार से समीक्षा की और साफ कहा कि इस वर्ष अपराध के ग्राफ को हर हाल में नीचे लाना प्राथमिकता है। उन्होंने ऑपरेशन प्रहार, अपराधियों के सत्यापन और मामलों में कन्विक्शन रेट बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। बीट पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और अपराधियों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने थाना प्रभारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि क्राइम कंट्रोल सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर असर दिखना जरूरी है। साथ ही जनता के साथ बेहतर व्यवहार, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अवैध हथियार और फायरिंग पर जीरो टॉलरेंस, जिम्मेदारी तय होगी

करंट क्राइम : क्राइम मीटिंग में पुलिस कमिश्नर ने अवैध हथियारों के साथ फायरिंग की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र में फायरिंग की वीडियो, रील या घटना सामने आती है तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में बीट कॉन्स्टेबल से लेकर चौकी इंचार्ज और थाना प्रभारी तक की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटनाओं पर तुरंत संज्ञान लेने को कहा। साथ ही अवैध शस्त्रों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर आरोपियों की गिरफ्तारी और नेटवर्क को खत्म करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि शहर में कानून का भय बना रहे और आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें।

### सीपी ने माइक पर थाना प्रभारियों से किए सीधे सवाल

करंट क्राइम : मंगलवार रात पुलिस लाइन में हुई क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कई थाना प्रभारियों से माइक पर सीधे सवाल किए। उन्होंने ऑपरेशन प्रहार की प्रगति की जानकारी ली और चोरी रोकने के लिए किए जा रहे उपायों पर जवाब तलब किया। साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति और कार्रवाई पर भी थाना प्रभारियों से स्पष्ट जवाब मांगे गए।

# महामहिम जनरल वीके सिंह आएंगे 10 मई को गाजियाबाद

### क्या जन्मदिन का कटेगा केक और वो करेंगे यहां बधाइयां स्वीकार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद की सियासत का बड़ा नाम हैं। ऐसा नाम जिन्होंने पहली बार में ही रिकॉर्ड जीत हासिल की। दूसरी बार वो साढ़े पांच लाख वोटों से चुनाव जीते। लगातार दो बार सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे हैं और वर्तमान में वो मिजोरम के राज्यपाल हैं। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद की भाजपा राजनीति का भी अभिन्न अंग हैं। गाजियाबाद के नागरिक हैं, यहां के निवासी हैं और उनका स्वयं का मकान गाजियाबाद के राजनगर इलाके में है। जनरल वीके सिंह अक्सर जब गाजियाबाद आते हैं तो उनके समर्थक



उनसे मिलने के लिये जाते हैं। जनरल वीके सिंह भी गाजियाबाद की हर सियासी हलचल से अपडेट रहते हैं। 10 कई को गाजियाबाद आ रहे हैं। वो गाजियाबाद में लोगों से मुलाकात करेंगे। जैसा कि आमतौर पर होता है कि जब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आते हैं तो यहां भाजपाई उनसे मिलने पहुंचते हैं, उनके समर्थक मिलने के लिये आते हैं। इस बार जनरल वीके सिंह की गाजियाबाद वाली विजिट कुछ खास हो सकती है। दरअसल दस मई को उनका जन्मदिन है। अब जन्मदिन के मौके पर जनरल गाजियाबाद में हों तो ये एक स्पेशल बात है। जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं देने के लिये जनप्रतिनिधि भी पहुंचेंगे और संगठन के पदाधिकारी भी जाएंगे। जन्मदिन की खुशी को जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में सैलिब्रेट करेंगे।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पहुंचे सलीम वास्तविक के घर, बोले आप साधारण व्यक्ति नहीं धरोहर हैं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी क्षेत्र के निवासी सलीम वास्तविक से मुलाकात करने बुधवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सलीम वास्तविक और उनके परिवार से आत्मीय मुलाकात की, हालचाल जाना और उनका मनोबल बढ़ाया। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने भावुक अंदाज में कहा कि आप साधारण व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि समाज की धरोहर हैं।

ऐसे लोगों को संभालकर रखना समाज की जिम्मेदारी है। मुलाकात के दौरान विधायक लोनी ने सलीम वास्तविक की पत्नी से भी विशेष बातचीत की और कहा कि वह उनका ध्यान रखें, क्योंकि सलीम जैसे निडर और सच बोलने वाले लोग समाज में कम ही होते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हर किसी को इतनी हिम्मत नहीं देता कि वह खुलकर सच्चाई के पक्ष में खड़ा हो सके। सलीम जिस तरह बेबाकी से अपनी बात रखते हैं, उससे कुछ लोग असहज हो सकते हैं, लेकिन समाज में बदलाव ऐसे ही लोगों के कारण आता है। नंदकिशोर गुर्जर ने पुरानी घटना को याद करते हुए बताया कि जब सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमला हुआ था और वे अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे थे, तब वह सबसे



पहले उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले को उच्च स्तर तक उठाया, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले सलीम वास्तविक पर दो सगे भाइयों ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

लंबे इलाज और संघर्ष के बाद वह स्वस्थ हुए। बाद में लोनी थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा भी रही थी।

### बोले दुष्कर्मी मामा के एंकाउंटर पर सब मौन हैं

करंट क्राइम : इस दौरान विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने हाल ही में हुई एक अन्य घटना का भी जिक्र किया, जिसमें चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी मामा को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य घटनाओं में पुलिस की सख्ती जरूरी है, लेकिन दुख की बात है कि इस कार्रवाई पर कुछ धार्मिक वर्गों की ओर से कोई सराहना नहीं आई। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ लड़ाई में समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर पुलिस और कानून व्यवस्था का समर्थन करना चाहिए। मुलाकात के अंत में विधायक लोनी ने सलीम वास्तविक के साहस और जज्बे की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वहीं सलीम वास्तविक और उनके परिवार ने विधायक का आभार व्यक्त किया। क्षेत्र में इस मुलाकात को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग इसे एक सकारात्मक पहल के रूप में देख रहे हैं।

## मजारों पर चढ़ावे के खिलाफ मंत्री सुनील शर्मा का खुला आह्वान, धार्मिक मंच से दिलाई 'कसम'

### कहा–चादर और पैसा बंद करो, गलत इस्तेमाल का लगाया आरोप; बयान से सियासी हलचल तेज

गाजियाबाद, करंट क्राइम। साहिबाबाद विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक धार्मिक आयोजन में मजारों पर चादर और पैसा चढ़ाने को लेकर तीखा बयान दिया। मंच से उन्होंने मौजूद लोगों से हाथ उठवाकर संकल्प दिलाया कि आज के बाद कोई भी मजारों पर चढ़ावा नहीं चढ़ाएगा। अपने संबोधन में मंत्री ने आरोप लगाया कि मजारों पर चढ़ाए जाने वाले पैसे और कपड़ों का दुरुपयोग होता है और इसका इस्तेमाल गलत कार्यों में किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस प्रथा को बंद कर सनातन परंपराओं को मजबूत करें।



आईटी मंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे सुनील शर्मा पहले भी हिंदुत्व और सनातन से जुड़े मुद्दों पर अपने सख्त और मुखर रुख के चलते चर्चा में रहे हैं। इस बार उनके इस बयान ने एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में बहस को हवा दे दी है। धार्मिक मंच से दिए गए इस संदेश के बाद जहां समर्थक इसे जागरूकता अभियान बता रहे हैं, वहीं विरोध की संभावना भी जताई जा रही है।

# गाजियाबाद प्रशासन का सख्त अलर्ट : जनगणना 2027 की ड्यूटी में लापरवाही पर जेल तक की सजा

**सख्ती**

**प्रगणकों को 'लोक सेवक' का दर्जा, कार्य में चूक या इंकार पर कानूनी कार्रवाई तय**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को स्पष्ट चेतावनी जारी की है।

इसे राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कहा गया है कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या इंकार सीधे कानून के दायरे में आएगा। प्रशासन के अनुसार जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम 1948 के तहत कार्य अवधि में लोक सेवक का दर्जा प्राप्त होगा। ऐसे में उन पर सरकारी कर्तव्यों के समान ही जिम्मेदारी और जवाबदेही लागू होगी।

अधिनियम की धारा 5 और 11 के तहत सभी संबंधित कार्मिकों के लिए जनगणना कार्य में सहयोग करना कानूनी रूप से अनिवार्य है।

स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी से इंकार करना, लापरवाही बरतना या कार्य में बाधा डालना दंडनीय अपराध माना जाएगा।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ 1000 रुपए तक का जुर्माना और 3 साल तक की सजा का प्रावधान है। इस सख्ती का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना का कार्य समयबद्ध और पूरी शुद्धता के साथ पूरा हो।

सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस राष्ट्रीय जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े देश के विकास के लिए उपलब्ध हो सकें।

# इंदिरापुरम में दर्दनाक हादसा : 29वीं मंजिल से गिरकर 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत

**हादसा या साजिश?**

**सालगिरह का जश्न मातम में बदला**


**घटना अहिंसा खंड स्थित ट्राइन टावर सोसाइटी की है**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम इलाके से एक बेहद दर्दनाक और रहस्यमयी घटना सामने आई है, जहां 29वीं मंजिल से गिरकर 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना अहिंसाखंड स्थित ट्राइन टावर सोसाइटी की बताई जा रही है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका की पहचान वसुंधरा सेक्टर-15 निवासी फूलमती के रूप में हुई है। वह अपनी बेटी और दामाद के घर आई हुई थीं। बताया जा रहा है कि वह 19 अप्रैल को अपनी बेटी की शादी की सालगिरह मनाने के लिए यहां आई थीं, लेकिन खुशी का यह मौका कुछ ही दिनों में गहरे मातम में बदल गया। मामले की जानकारी देते हुए एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शुरूआती तौर पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद वे राजी हो गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### हादसा या आत्महत्या, अभी नहीं साफ





करंट क्राइम : इस पूरे मामले में जांच कर रही है। सीसीटीवी से लेकर परिजनों के बयान लिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि महिला का गिरना हादसा था, आत्महत्या या किसी अन्य कारण से यह घटना हुई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। घटना रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला 29वीं मंजिल से सीधे नीचे खड़ी एक कार की छत पर आ गिरीं। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे और देखा कि महिला कार पर गिरी पड़ी हैं। तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला

## लगाए नारे और विपक्ष को दी बिल पास करने की खुली चेतावनी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को महिला आरक्षण को लेकर देशभर में चल रही सियासी बहस के बीच गाजियाबाद में बुधवार को नारी शक्ति का प्रदर्शन देखने को मिला।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा और महानगर इकाई के नेतृत्व में रानी लक्ष्मीबाई कट घंटाघर कोतवाली क्षेत्र पर हजारों महिलाएं एकत्रित हुईं और विपक्ष के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंके गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष की नकारात्मक भूमिका महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।

प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी, डिंपल यादव और सोनिया गांधी के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। महिलाओं ने अखिलेश यादव के चेहरे वाले मटके फोड़े और राहुल गांधी के पुतले का प्रतीकात्मक विसर्जन कर विरोध को उग्र रूप दिया। यह प्रदर्शन सिर्फ एक राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि नारी शक्ति के व्यापक एकजुटता का प्रतीक बनकर सामने आया। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी, उग्र विरोध और सशक्त संदेश ने यह साफ कर दिया कि अब महिला अधिकारों के मुद्दे पर चुप्पी नहीं, बल्कि निर्णायक आवाज उठेगी।

### काली साड़ी और काला रिबन बना प्रतिरोध का प्रतीक

करंट क्राइम : तेज धूप के बावजूद महिलाओं का जोश चरम पर रहा। प्रदर्शन में शामिल अधिकांश महिलाएं काली साड़ी पहनकर और माथे पर काला रिबन बांधकर पहुंचीं। हाथों में काले झंडे और विरोध के संदेश लिए महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए साफ कहा कि महिला सम्मान से समझौता नहीं होगा।

### शहर की रफ्तार थमी, घंटों जाम में फंसे लोग



करंट क्राइम : इस बड़े प्रदर्शन का असर शहर की यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। चौधरी मोड़ से ठाकुरद्वारा इंटर कॉलेज मार्ग तक लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन सड़कों पर फंसे रहे और लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने हालात संभालने की कोशिश की, लेकिन भीड़ के कारण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू नहीं हो सकी।

### महिलाओं ने दी चेतावनी, अब और नहीं

करंट क्राइम : प्रदर्शनकारी महिलाओं ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महिला हितों से जुड़े विधेयकों पर राजनीति जारी रही तो आने वाले समय में इससे भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे। यह प्रदर्शन केवल विरोध नहीं, बल्कि महिला शक्ति के एकजुट होने का संदेश भी था। प्रमुख महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति देखने को मिली। इस प्रदर्शन में भाजपा की कई वरिष्ठ महिला नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहीं। जिनमें, आशा शर्मा (पूर्व महापौर) पूर्व खोड़ा चेयरमैन रीना भाटी, काजल त्यागी (कार्यक्रम संयोजक), पूनम सिंह पार्षद, सुमन सिंह पार्षद, शीतल चौधरी पार्षद, सिद्धि प्रधान, सुमन, कवित्रि अंजू जैन, रिचा भदौरिया, लवली कौर, दीप्ति अरोड़ा, स्वीटी रैना, सिम्मी त्यागी, कविता सिरोही, बिमला रावत, मंजू त्यागी, अनीता शर्मा, किरन सिंह मौजूद रहीं। इसके साथ ही प्रदीप चौहान, पंकज भारद्वाज, संदीप चौधरी, वरुण, सचिन ढेड़ा, राम त्यागी, संजय त्यागी (पार्षद पति), इमरान और मोनू त्यागी मौजूद रहे।








# पहलगाम आतंकी हमले की बरसी

## पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, कहा - भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा






## 'ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर शहीदों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई थी, जिसकी याद में यह बरसी मनाई गई। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि- दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने देश के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्र के रूप में हम एकजुट हैं और भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप के आगे कभी नहीं झुकेगा।

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी कड़ी और अटल नीति दोहराई है। सेना ने साफ कहा कि भारत के खिलाफ किसी भी हमले का जवाब तय है और न्याय हर हाल में किया जाएगा। सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ हर कार्रवाई का जवाब मिलेगा। न्याय जरूर होगा। भारतीय सेना ने अपने पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया, जिसमें तीन सैनिकों की तस्वीर के साथ ऑपरेशन सिंदूर जारी है लिखा था।

इसके साथ ही अपने पोस्ट में सेना ने ऑपरेशन महादेव का भी जिक्र किया, जिसे हमले के तुरंत बाद आतंकियों को पकड़ने और खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। बता दें कि 22 अप्रैल 2025 का वो काला दिन जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हमला कर 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले से पूरे देश में गहरा आक्रोश फैल गया था और दुनियाभर में इसकी निंदा हुई थी।

हमले के जवाब में भारत ने पिछले साल 2025 में 6-7 मई की दरमियानी रात को आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी हमला किया। इस हमले में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर जोरदार बम बरसाए। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर सामने आई थी। हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच करीब 88 घंटे तक तनावपूर्ण सैन्य टकराव चला।

इस दौरान दोनों तरफ से जवाबी कार्रवाई हुई, लेकिन 10 मई को शाम तक दोनों पक्ष आपसी सहमति के बाद हालात शांत हुए। हालांकि अब एक साल बाद कश्मीर में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ी है। लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए यह घाव आज भी ताजा है।

## सरकारी ठेके दिलाने का झांसा देकर सात लोगों से 91 लाख रुपये ठगे

**मुंबई।** सरकारी विभागों में काम का ठेका दिलाने का झांसा देकर सात लोगों से करीब 91 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान मराठवाड़ा के नांदेड़ निवासी सतीश कदम के रूप में हुई है।

शिकायतकर्ता हनुमंत वडजे ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उन्हें और छह अन्य लोगों को शहरी विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग में काम दिलाने का वादा कर लगभग 91 लाख रुपये ऐंठ लिए।

पुलिस के मुताबिक, यह ठगी 2024 से 2026 के बीच की गई। आरोपी ने नकद और बैंक खातों में रकम जमा कराई। हालांकि, उसने आंशिक रूप से कुछ पैसे वापस भी किए थे। आरोपी द्वारा जारी किए गए कई चेक बाउंस हो गए, जिसके बाद पीड़ित ने मरीन ड्राइव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## आज शाम 4 बजे जारी होगा यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षाफल जारी करने की तिथि और समय का एलान कर दिया है। नतीजे कल 23 अप्रैल को शाम 4 बजे घोषित किए जाएंगे। इस वर्ष करीब 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया है। रिजल्ट की घोषणा होते ही छात्र वेबसाइट पर जाकर सबसे पहले अपना परिणाम देख सकेंगे। इसके लिए पहले बच्चों को पंजीकरण करना होगा। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट में छात्रों को कई जरूरी जानकारियों को ध्यान से चेक करना चाहिए। इसमें सबसे पहले छात्र का नाम, माता-पिता का नाम, रोल नंबर और जन्मतिथि सही है या नहीं, यह देखना जरूरी होता है। यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षा में शामिल हुए करीब 52 लाख विद्यार्थियों का इंतजार आखिरकार अब समाप्त हो गया है। बोर्ड कल 23 अप्रैल को 10वीं-12वीं के नतीजों की घोषणा करेगा। रिजल्ट शाम 4 बजे जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड ने पिछले साल 25 अप्रैल को रिजल्ट जारी किया था। वहीं, इस बार दो दिन पहले 23 अप्रैल को नतीजों की घोषणा की जाएगी। रिजल्ट कल शाम 4 बजे घोषित होगा।

साल 2025 में यूपी बोर्ड 12वीं परीक्षा में महक जायसवाल ने 97.20% अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था। उनके अलावा दूसरे स्थान पर कई छात्रों ने 96.80% अंक प्राप्त किए थे।

# सावधान हो जाइए: उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में लू का तांडव शुरू; मौसम विभाग ने जारी किया भीषण गर्मी का अलर्ट




**नई दिल्ली।** भारत के एक बड़े हिस्से में चिलचिलाती गर्मी और लू ने दस्तक दे दी है। इससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को चेतावनी जारी करते हुए बताया कि अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। सूरज के कड़े तेवर और बढ़ते तापमान के कारण लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के छिटपुट इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को भीषण लू चलने की संभावना है। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर जा सकता है, जिससे झुलसाने वाली गर्मी महसूस होगी। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे इन दो दिनों में विशेष सावधानी बरतें। इन राज्यों में गर्म हवाओं का असर दिन के साथ-साथ देर शाम तक बने रहने की उम्मीद है, जिससे गर्मी से राहत मिलना मुश्किल होगा।

उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी गर्मी का प्रकोप चरम पर रहने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 से 25 अप्रैल तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 अप्रैल के बीच लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं राजस्थान में 24 से 26 अप्रैल और मध्य प्रदेश में 23 से 26 अप्रैल तक लू चलने की आशंका है। इसके अलावा विदर्भ और छत्तीसगढ़ के इलाकों में 24 से 27 अप्रैल के दौरान भीषण गर्मी पड़ेगी। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में भी 22 और 23 अप्रैल को लू का कहर देखने को मिलेगा।

केवल लू ही नहीं, बल्कि उमस भरी गर्मी भी कई तटीय और दक्षिण भारतीय राज्यों में लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, पुदुचेरी, तमिलनाडु, केरल, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में 22 से 25 अप्रैल के बीच भारी उमस रहने वाली है। इसके अलावा, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और ओडिशा जैसे कुछ हिस्सों में रातें भी काफी गर्म रहने की संभावना है। कोंकण और गोवा में भी रात के समय तापमान अधिक रहने से लोगों को चैन की नींद मिलना मुश्किल हो सकता है।

भीषण गर्मी के बीच उत्तर-पूर्व और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों से राहत की खबर भी आई है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस सप्ताह के दौरान उत्तर-पूर्व भारत के कई राज्यों में गरज-चमक और बिजली कड़कने के साथ व्यापक बारिश हो सकती है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सप्ताह के कई दिनों में उत्तर-पूर्व भारत के कुछ अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। जहां आधा भारत लू से तप रहा होगा, वहीं दूसरी ओर इन इलाकों में मानसून पूर्व की बारिश तापमान में गिरावट ला सकती है।

दक्षिण बंगाल के जिले भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) की चपेट में हैं, वहीं उत्तर बंगाल के इलाकों में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना बनी हुई है।

## मुंबई : सिग्नल में गड़बड़ी से एक ही पटरी पर आई दो ट्रेनें, स्टेशन मास्टर निलंबित

**मुंबई।** मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन के बाहर मंगलवार को सिग्नल में गड़बड़ी के कारण एक लोकल ट्रेन गलत पटरी पर चली गई और निर्धारित प्लेटफॉर्म के बजाय दूसरे प्लेटफॉर्म की ओर मुड़ गई। मोटरमैन की सतर्कता से ट्रेन की टक्कर होने से बच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सिग्नल में गड़बड़ी के कारण सीएसएमटी के स्टेशन मास्टर को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, सीएसएमटी से बदलापुर जाने वाली ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर चार के बजाय गलती से पांच पर जाने का सिग्नल दे दिया गया। इसके चलते ट्रेन गलत रूट पर चली गई और प्लेटफॉर्म पर पहले से खड़ी एक अन्य लोकल ट्रेन से करीब 270 मीटर पहले रुकी।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि घटना दोपहर बाद 3.40 बजे हुई, जिससे मुख्य लाइन पर संचालन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। बाद में ट्रेन को पीछे करके सही मार्ग पर लाया गया, जिसके बाद सेवाएं बहाल कर दी गईं।

## 'बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी कांग्रेस': अमित शाह



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दमदम में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। अमित शाह ने अपने संबोधन में दावा किया कि पश्चिम बंगाल की जनता अब कांग्रेस को पूरी तरह नकार चुकी है और राज्य में उसका कोई जनाधार नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा तेजी से मजबूत हो रही है और आने वाले चुनावों में बड़ा प्रदर्शन करेगी।

रैली के दौरान शाह ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि वे केवल सत्ता के लिए राजनीति करते हैं, जबकि भाजपा विकास और लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि बंगाल में बदलाव का समय आ गया है और जनता भाजपा के साथ खड़ी है। शाह के इस बयान से राज्य की राजनीति में बयानबाजी और तेज हो गई है।

रैली में अमित शाह ने पश्चिम बंगाल सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है और राज्य को गुंडों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या राज्य में चार शादियों की छूट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, जिससे तीन तलाक और बहु-विवाह जैसी प्रथाओं पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि इसका समाधान कमल को वोट देने से मिलेगा।

इसके साथ ही शाह ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता को गुमराह कर रही हैं।

## एआई कंटेंट पर कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार सामग्री पर पारदर्शिता के लिए नियमों को और सख्त करने जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एआई से तैयार किसी भी दृश्य सामग्री पर उसका लेबल पूरे समय लगातार और स्पष्ट रूप से दिखाने को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है।

आईटी नियमों में संशोधन के मसौदे में यह बदलाव सुझाया गया है। पहले जहां 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की शर्त थी, अब उसे बदलकर यह प्रस्ताव रखा गया है कि एआई जनित सामग्री का लेबल पूरे वीडियो या दृश्य सामग्री की अवधि तक लगातार और साफ दिखाई देना चाहिए।

मंत्रालय के अनुसार, यह कदम दर्शकों को भ्रम से बचाने और उन्हें यह स्पष्ट जानकारी देने के लिए उठाया जा रहा है कि वे जो सामग्री देख रहे हैं, वह कृत्रिम रूप से तैयार की गई है।

आईटी मंत्रालय ने इन अतिरिक्त संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है, ताकि संबंधित पक्ष इन पर अपनी राय दे सकें।

## 'तू मेरी नहीं तो किसी की भी नहीं' शादी से इनकार करने पर प्रेमिका की गला रेतकर की हत्या



**बिजनौर।** बिजनौर की कांशीराम कॉलोनी में मंगलवार शाम पांच बजे कशिश (18) की प्रेमी राहुल ने गर्दन में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। कशिश ने शादी करने से इन्कार कर दिया था इसी वजह से राहुल ने ये वारदात की। राहुल ने खुद को भी चाकू कर लिया। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। दोनों के बीच तीन-चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने बताया कि कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले जाकिर बस चलाते हैं।

मंगलवार को बस लेकर दिल्ली गए जबकि उनकी पत्नी शाहीन रिश्तेदारी में अंबाला गई थीं। घर पर जाकिर की बेटी कशिश ही थी। ऐसे में राहुल वहां पहुंच गया। इस बीच लोगों ने कशिश के घर से चीख सुनी।

पड़ोसी अरमान ने बताया कि दोनों कमरे में बंद थे। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो राहुल ने कशिश की गर्दन दबा रखी थी। कशिश के गले से खून बहता मिला। तभी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल हालत में कशिश और राहुल को अस्पताल लाया गया, जहां कशिश को मृत घोषित कर दिया।

हत्यारोपी राहुल ने बताया कि वह चार साल से अपने घर नहीं गया है। कशिश उसके साथ शादी की बात करती थी, अब इन्कार कर रही थी। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि किसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने प्रेमिका की हत्या की है। खुद भी घायल मिला है।

बिजनौर की कांशीराम कॉलोनी में कशिश की हत्या का आरोपी राहुल 11 अक्तूबर 2025 को अपने संग कशिश को हरिद्वार ले गया था। कशिश के घर से जाने के बाद उसकी मां ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने कशिश को बरामद कर लिया था और 19 अक्तूबर को आरोपी को पॉक्सो एक्ट में जेल भेज दिया गया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जेल में भी कशिश उससे मुलाकात करने जाती थी और उसके पक्ष में ही बयान देने की बात कही थी।

## पीतमपुरा में सीएम रेखा गुप्ता ने किया वॉटर एटीएम का उद्घाटन




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एयू ब्लॉक, पीतमपुरा में 'वॉटर एटीएम' का उद्घाटन किया। साथ ही नागरिकों को वॉटर एटीएम कार्ड भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने इस सुविधा का शुभारंभ करते हुए जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। सीएम रेखा गुप्ता ने इस दौरान कहा, 'एक साल में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से रोजाना दिल्ली की जनता को किसी न किसी रूप में नया उपहार रोजाना मिल रहा है। कभी नीति, कभी काम, कभी निर्माण और कभी प्रशासनिक सुधार के रूप में और आज एक नए ओर की कदम बढ़ाते हुए जहां पूरा देश इस समय भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहा है और पानी की कमी के कारण लोग परेशान थे, हमने दिल्ली में ये नया वॉटर एटीएम का उद्घाटन किया है। जो एक बड़ा आरओ प्लांट है, जिसकी क्षमता हर घंटे में 2000 लीटर पानी देने की क्षमता रखती है।


सीएम ने कहा, 'इस तरह का वॉटर एटीएम कार्ड हम हर झुग्गी परिवार को दे रहे हैं।

## नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि में दर्शन-पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर को आस्था, गौरव और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताया। मीडिया से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम हमारे पाहुन हैं, इसलिए मैं अपने पाहुन के घर आया हूं। अयोध्या आना अपने प्रभु के घर आने जैसा दिव्य अनुभव है।

भगवान श्रीराम केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन से समाज को मयार्दा, कर्तव्य और त्याग की प्रेरणा मिलती है। करीब 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण होना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

## केसीआर पर फिलहाल नहीं होगी कोई कार्रवाई, तेलंगाना हाईकोर्ट का फैसला



**हैदराबाद।** हैदराबाद में कालेश्वरम सिंचाई परियोजना से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामले में भारत राष्ट्र समिति प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और तीन अन्य को तेलंगाना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि पीसी घोष आयोग की रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह आयोग कालेश्वरम परियोजना में कथित गड़बड़ियों की जांच के लिए गठित किया गया था।

केसीआर और अन्य याचिकाकताओं ने आयोग की रिपोर्ट को चुनौती देते हुए इसे असंवैधानिक और प्राकृतिक न्याय के खिलाफ बताया था। उनका कहना था कि उन्हें अपना पक्ष रखने और जिरह का मौका नहीं दिया गया। मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायमूर्ति जी.एम. मोहिउद्दीन की खंडपीठ ने आदेश देते हुए कहा कि आयोग का गठन अवैध या असंवैधानिक नहीं है, लेकिन रिपोर्ट में कुछ निष्कर्ष प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए बिना दिए गए हैं। अदालत ने कहा कि जिन निष्कर्षों से याचिकाकताओं की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है और जो बिना उचित प्रक्रिया के दिए गए हैं, वे अमान्य होंगे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

## तमिलनाडु में बस और टैंकर की टक्कर, 20 घायल

**तूतुकुड़ी।** तमिलनाडु के तूतुकुड़ी जिले के कोविलपट्टी के पास नेशनल हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। कोयंबटूर से नागरकोइल जा रही एक निजी बस सड़क पर खड़े सीमेंट मिक्सर टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

बस चालक सरवन समेत करीब 20 लोग घायल हुए, जिनमें महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। हादसे के बाद चालक बस में फंस गया था, जिसे फायर एंड रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा।

## रेलमंत्री बोले- दस वर्षों में ट्रेन हादसों में आई 90% कमी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'ऑल इंडिया ट्रैक मेंटेनर्स कॉन्फ्रेंस' में भारतीय रेलवे के भविष्य को लेकर कई बड़ी बातें कहीं। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों में रेल हादसों में करीब 90 फीसदी की कमी आई है। रेल मंत्री ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया, लेकिन साथ ही कहा कि हमें यहीं नहीं रुकना है। अब सरकार का लक्ष्य रेल हादसों की संख्या को घटाकर इकाई (सिंगल डिजिट) में लाना है। उन्होंने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेलवे के सुरक्षा स्तर को विकसित देशों के बराबर पहुंचाना है।

कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए रेल मंत्री ने पटरियों के आधुनिकीकरण को भी जरूरी बताया। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले दस वर्षों में लगभग 36,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गई हैं। पटरियों की बेहतर देखरेख के लिए अभी रेलवे के पास करीब 1,800 ट्रैक मशीनें हैं। सरकार इन मशीनों की संख्या बढ़ाकर 3,000 करना चाहती है। जब मशीनों की संख्या 3,000 के करीब पहुंच जाएगी, तो पटरियों की जांच और मरम्मत से जुड़ी पुरानी समस्याएं काफी हद तक खत्म हो जाएंगी।

## 60 साल पुराने गन्ना कानून में बदलाव की तैयारी, सुझाव मांगे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी उद्योग को लेकर बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। सरकार 1966 के पुराने शुगरकेन कंट्रोल ऑर्डर को हटाकर एक नया और आधुनिक कानून लाने की तैयारी में है। इस नए ड्राफ्ट में चीनी उत्पादन के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन, डिजिटल रिपोर्टिंग और फैक्ट्री की मंजूरी से जुड़े नियम भी शामिल किए गए हैं। इस पर 20 मई तक जनता से सुझाव मांगे गए हैं। नए नियमों में पुराने कानून की कुछ मुख्य बातें बरकरार रखी गई हैं, जैसे गन्ने का उचित मूल्य, गन्ना आपूर्ति की व्यवस्था, 14 दिन के भीतर किसानों को भुगतान और देरी होने पर 15% सालाना ब्याज।

लेकिन सबसे बड़ा बदलाव इथेनॉल को लेकर किया गया है। अब चीनी फैक्ट्रियों की परिभाषा में इथेनॉल उत्पादन को भी शामिल किया जाएगा। यानी गन्ने के रस, सिरप, चीनी और शीरे (मोलासेस) से इथेनॉल बनाने वाली इकाइयों को भी इस कानून के तहत माना जाएगा। नए नियम में यह भी तय किया गया है कि 600 लीटर इथेनॉल को 1 टन चीनी के बराबर माना जाएगा। इससे उत्पादन का हिसाब आसान होगा।

## दिल्ली में बेटी की हत्या: फोन चार्जर की तार से गला घोंटा



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित कैलाश हिल इलाके में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां एक आईआरएस अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घरेलू सहायक पर मुख्य रूप से संदेह जताया जा रहा है, जो वारदात के बाद से फरार बताया जा रहा है। मृतका के माता-पिता सुबह करीब 6 से 6:30 बजे के बीच जिम के लिए घर से निकले थे। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान घर में वारदात को अंजाम दिया गया। जब दंपति वापस लौटे तो उन्होंने अपनी बेटी को घर में मृत अवस्था में पाया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। शुरूआती जांच में मृतका के सिर और गर्दन पर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या गला घोंटकर की गई है और इसमें मोबाइल चार्जर के वायर का इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आ रही है।

23 April -26 page 3 22-04-2026 10:35 PM Page 1

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# राहुल-अखिलेश का पुतला फूंकने पर आगबबूला हुए कांग्रेसी-सपाई

## बोली कांग्रेस - देश में तानाशाही, कांग्रेस से पुतले छीने जाते हैं, भाजपा को फूंकने की इजाजत मिलती है





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिलेश यादव के पुतला दहन की घटना के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला है। बुधवार को घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई और महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुतले को आग के हवाले किया गया और सपा प्रमुख के साथ-साथ उनकी पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस घटना से नाराज सपा नेताओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उनका कहना है कि इस तरह की राजनीति लोकतंत्र के लिए सही नहीं है और महिला आरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे को भी भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा की यह रणनीति उसे आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भारी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इन हथकंडों को समझ चुकी है और समय आने पर इसका जवाब देगी। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंकने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि देश में तानाशाही, कांग्रेस से पुतले छीने जाते हैं, भाजपा को फूंकने की इजाजत मिलती है।

## भाजपा पर झूठ फैलाने का आरोप, सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने जताई कड़ी आपत्ति



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा वास्तविक तथ्यों को छुपाकर सिर्फ राजनीतिक शोर मचाने का काम कर रही है। उन्होंने हाल ही में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की। अभिषेक गर्ग ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक वर्ष 2023 में ही पारित हो चुका है, जिसमें संविधान संशोधन की प्रक्रिया शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर पहले ही यह कहा जा चुका है कि जनगणना के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इसके बावजूद भाजपा जनता के बीच भ्रम और झूठ फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया और उनकी तस्वीरों व तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया, वह पूरी तरह अनुचित और भ्रामक है। सपा नेता ने कहा कि इस तरह की राजनीति समाज में गलत संदेश देती है और जनता को गुमराह करने का प्रयास करती है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को ‟निम्न स्तर की राजनीति” करार देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को तथ्यों के आधार पर संवाद करना चाहिए, न कि भ्रम फैलाकर माहौल बिगाड़ना चाहिए।

## भाजपा सत्ता के मद में चूर, तभी उठा रही है ऐसे कदम : फैसल हुसैन



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पुतला दहन की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और उसके महिला मोर्चा द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। फैसल हुसैन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी अब इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी और आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं को नहीं रोका गया, जो चिंताजनक है। उनके मुताबिक, यह प्रशासनिक निष्क्रियता दर्शाती है। फैसल हुसैन ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर है और इसी कारण इस तरह के विवादित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की घटनाएं नहीं रुकीं, तो पार्टी व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी।

## भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम होगा: विशाल वर्मा



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर जिस तरह भाजपा की फजीहत हो रही है, वह उसके लिए राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो रहा है। उन्होंने इसे भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने जैसा बताया है। सपा नेता विशाल वर्मा ने कहा कि भाजपा द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन कर उनका अपमान किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इससे जनता में गलत संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन में अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण का समर्थन किया था, लेकिन जनगणना के बाद इसे लागू करने की बात रखी थी। उनके अनुसार, भाजपा इस मुद्दे को तुष्टीकरण के तहत उछालकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। विशाल वर्मा ने आरोप लगाया कि आगामी चुनावों को लेकर भाजपा में डर का माहौल है, जो उसके बयानों और गतिविधियों से साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी।

## भाजपा देश की ज्वलंत समस्याओं से ध्यान भटका रही है: वीरेन्द्र यादव



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तीखा हमला बोलते हुए उसके कृत्यों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंकना भाजपा की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति उनकी अनास्था को उजागर करता है। वीरेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा देश की महिलाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा देश महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन सरकार को पहले जनगणना कराकर सभी वर्गों की महिलाओं के लिए न्यायसंगत कोटा तय करना चाहिए था। जल्दबाजी में बिल लाना और फिर उसका गिर जाना भाजपा की रणनीतिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, मजदूरों के पलायन और गैस संकट जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए इस तरह की राजनीति कर रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पुतला दहन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा समाजवादी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## भाजपा जंगलराज फैला रही है, बंगाल चुनाव इसका उदाहरण: धर्मवीर डबास



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के नेता धर्मवीर डबास ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि देश में मौजूदा समय में जंगलराज जैसी स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर जिस तरह से राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले जलाए जा रहे हैं, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। धर्मवीर डबास ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया को लेकर जो हालात बने हैं, वह पूरे देश के सामने हैं और यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी माहौल को प्रभावित करने और जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी ने कभी भी महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया है और न ही भविष्य में करेगी। डबास ने कहा कि जिस बिल का भाजपा पहले विरोध करती थी, आज उसी की समर्थक बनकर जनता के सामने नाटक कर रही है। उनका कहना है कि यह सब केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अब जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और उत्तर प्रदेश की जनता आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सही रास्ता दिखाने का काम करेगी।



## भाजपा के पास अब कोई रास्ता नहीं बचा, महंगाई से घरों के चूल्हे बुझ रहे है: मधु चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की महिला नेता मधु चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब भाजपा के पास जनता को जवाब देने के लिए कोई ठोस रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के कारण आम जनता का जीवन बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है, वहीं निजी स्कूलों की फीस में कई गुना बढ़ोतरी से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। मधु चौधरी ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है और युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के पक्षधर रहे हैं। ऐसे में महिला आरक्षण का विरोध करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण को सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाकर अन्य राज्यों में राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है।

## 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास हो गया है: जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा



**किरंट क्राइम।** जला अध्यक्ष सतीश शर्मा का कहना है कि पुलिस प्रशासन दोहरा रवैया अपना रहा है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह भाजपा सरकार के निर्देश पर काम कर रहा है। सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह दोहरा रवैया कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध नहीं किया है। 2023 में नारी शक्ति अधिनियम को पास कर लिया गया था। इसकी घोषणा खुद प्रधानमंत्री ने की थी। सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस से ज्यादा नारी को किस दल ने सम्मान दिया है कांग्रेस ने ही नारी को पहली बार राष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस की ओर से पहले बार महिला प्रधानमंत्री बनी लोकसभा स्पीकर भी कांग्रेस ने ही महिला को बनाया था। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नहीं था बल्कि यह परिसीमन का अधिनियम था जिसे विपक्षी दलों ने एकजुट होकर गिरा दिया। भाजपा को अगर महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना है तो वर्तमान स्थिति में वह आरक्षण क्यों नहीं दे रही है। परिसीमन से पहले जातिगत जनगणना होनी चाहिए ताकि पता चले किस जाति की कितनी जनसंख्या है।



## देश में लोकतंत्र नहीं है: सुनील चौधरी



**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा झूठ बोल रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम नहीं गिरा है बल्कि परिसीमन अधिनियम गिरा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए के कई घटक दलों ने इस अधिनियम का समर्थन नहीं किया है जिस कारण लोकसभा में या अधिनियम गिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अगर जरा भी नैतिकता बची है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा और केंद्र सरकार के झूठ को जनता अब समझ चुकी है सुनील चौधरी ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है जबकि सत्ता पक्ष झूठ बोलकर अपनी सत्ता बचाने में लगी हुई है। पुलिस की मौजूदगी में बुधवार को राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया। यही अगर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते तो उनके खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली जाती और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता। आज बुधवार को भाजपा ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले को आज के हवाले किया लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ऐसा लग रहा है कि देश में लोकतंत्र अब नहीं रह गया है। पुतला फूकने वालों में आम महिलाएं या आम लोग शामिल नहीं थे बल्कि सभी भाजपाई थे।

## सरकार तानाशाह हो गई है: पूर्व मंत्री सतीश शर्मा



करंट क्राइम। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि यह सरकार तानाशाह हो गई है। जो भी मन में आता वह करती है। यह बेईमानों की सरकार है। 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बहुमत से पास कर लिया गया था। इस अधिनियम को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया था तो फिर अभी नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आवश्यकता क्यों पड़ गई है। दरअसल भाजपा को पता चल गया है कि 2019 में सरकार में नहीं आ पाएगी यही कारण है कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर सत्ता में फिर से आने की जुगत लगा रही है। सरकार की मंशा को राहुल गांधी और विपक्षी दल समझ गए हैं यही कारण है कि सरकार की एक भी नहीं चली। सरकार संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ईडी सीबीआई और पुलिस कब है दिखाकर विपक्ष को दबाने में लगी है। विपक्ष को तो अपनी आवाज या विरोध प्रदर्शन करने का मौका नहीं दिया जाता लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से मनमाने तरीके से पुतले फूंके जा रहे हैं। समय बदलता है। ठीक है इस समय भाजपा की चल रही है लेकिन आने वाले समय में सत्ता बदल सकती है।




## बीजेपी की सत्ता जाने वाली है: संजीव शर्मा



करंट क्राइम। कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य संजीव शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंकने से कुछ नहीं होगा। राहुल गांधी पहले की तरह ही मुखर होकर भाजपा की नीतियों का विरोध करते रहेंगे। बीजेपी किस विषय पर विपक्षी नेताओं के पुतले फूंक रही है? महिला आरक्षण का कांग्रेस ने कभी विरोध नहीं किया है कांग्रेस का विरोध परिसीमन को लेकर है कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि परिसीमन को हटाकर महिला आरक्षण बिल लोकसभा में लाया जाए तो पार्टी उसका समर्थन करेगी। राहुल गांधी के बारे में बीजेपी किस भाषा का प्रयोग करती है यह किसी से छिपा नहीं है लेकिन अगर विपक्षी दल बीजेपी के नेताओं के बारे में कुछ कह दे तो उन पर तमाम तरह के केस दर्ज कर दिए जाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री के बारे में कुछ कहा तो बीजेपी उन पर टूट पड़ी है। जबकि बीजेपी वाले अक्सर ही राहुल गांधी के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग करते हैं। बुधवार को भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला इसलिए फूंका क्योंकि राहुल गांधी दिन प्रतिदिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बीजेपी को अब आभास होने लगा है कि 2029 में उनकी सत्ता जाने वाली है।

## जनता का विद्रोह हो सकता है: आशुतोष गुप्ता



करंट क्राइम। कांग्रेस के प्रवक्ता आशुतोष गुप्ता ने कहा कि बीजेपी की ओर से बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले को आपके हवाले करना घोर आपत्ति जनक है। मुख्यमंत्री जब जिले में आते हैं तो कांग्रेस नेताओं को घर में ही बंधक बना दिया जाता है ताकि वह अपनी बात ना कह सके जबकि बीजेपी वालों को पुतला फूंकने की पूरी छूट दी जाती है। पूरी घटना में पुलिस प्रशासन की लाचारी दिखती है। कांग्रेस पुतला फूंकने या विरोध करने के लिए तैयार हो तो उनको रोक दिया जाता है पुतले को छीन लिया जाता है जबकि भाजपा को पूरी छूट दी जाती है। बीजेपी वालों की तानाशाही अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। अब जनता सब जान चुकी है किसी भी समय बीजेपी के खिलाफ जनता का विद्रोह हो सकता है।

# अगर पार्टी ने तुम पर की है कृपा और बनाया है तुम्हारा किरदार

## महिला पार्षदों को भी संगठन के कार्यक्रमों में दिखना चाहिए पूरी तरह जिम्मेदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की बात करें तो भाजपा में कार्यकर्ता के प्रति अन्य दलों की अपेक्षा अधिक विकसित है। भाजपा की महिला शक्ति हमेशा संगठन और सरकार दोनो में तालमेल बनाकर चलती है। भाजपा का महिला मोर्चा सशक्त माना जाता है। भाजपा ने बुधवार को महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष को जिम्मेदार बताया और पुराना रेलवे मोड पर प्रदर्शन किया। भाजपा यहां अपनी महिला शक्ति को फ्रंट पर रखकर चली। भाजपा की महिला नेताओं ने मोर्चा भी संभाला। गर्म मौसम में भाजपा की महिला नेताओं ने विरोध का बिगुल बजाया। विपक्षी नेताओं के रूप में उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंका। यहां तक तो सब ठीक है लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखने वालों ने ये भी देखा कि इस कार्यक्रम से भाजपा की उन महिला नेताओं ने दूरी बना ली जो अब जनप्रतिनिधि हैं, जो अब पार्षद हैं। भाजपा के इस कार्यक्रम से डिस्टेंस बनाने वालों में नदिया पार से लेकर लाइन के इस पार तक कई महिला पार्षदों के नाम हैं। कई महिला पार्षद खुद नेता नहीं हैं लेकिन भाजपा नेताओं की पत्नियां हैं, लेकिन सवाल ये है कि अगर पार्टी काई कार्यक्रम कर रही है तो क्या इन महिल पार्षदों को नहीं आना चाहिए था। सवाल भाजपा के भीतर उठ रहा है और सवाल भाजपा महिला टोले के भीतर भी उठ रहा है। सवाल यही है कि जब भाजपा का संगठन इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जब यह कार्यक्रम हाईकमान से निर्देश है, ऐसे में भाजपा की महिला शक्ति का भी मुलाहिजा होता है। तब भाजपा की महिला पार्षदों ने क्यों इस कार्यक्रम से दूरी बना ली। क्या उनको इस कार्यक्रम की सूचना भाजपा महानगर संगठन द्वारा नहीं दी गई थी। क्या महिला पार्षदों को इसकी जानकारी नहीं थी। बात जो भी लेकिन बात संगठन के प्रति वफादारी की भी है। अगर आज जो महिला चेहरे पार्षद हैं वो किसी कृपा से हैं। भाजपा संगठन ने आपके नामों को आगे भेजा, आपके नामों को संस्तुति दी तभी महिला नामों पर विचार भी हुआ। पार्टी की कृपा हुई तो कोई नामित पार्षद बना, पार्टी की कृपा हुई तो कोई टिकट पा गया और जीतकर निर्वाचित पार्षद बना। लेकिन जब संगठन को आपकी जरूरत है तो महिला पार्षदों ने क्या किया। महिलाओं का मामला था, महिलाओं का विरोध था और भाजपा की महिला ताकत का मुलाहिजा होना था। लेकिन यहां केवल तीन पार्षदों के चेहरे नजर आए। हो सकता है अन्य पार्षद भी आईं हो और दिखी ना हो, किसी ने उन्हें देखा ना हो, लेकिन ऐसा आमतौर पर होता नहीं है। प्रदर्शन है तो फिर यहां दर्शन जरूर होते हैं, अनदेखी नहीं होती है। चर्चा भाजपा के संगठन वाले खेमे से लेकर वरिष्ठ खेमे तक है। सवाल यही है कि जिन्हें भाजपा ने पार्षद बनाया वो ही खेमा आखिर भाजपा के ही कार्यक्रम में क्यों नजर नहीं आया। जिम्मेदारी बनती है और भाजपा ने आपको भागीदारी दी है, हिस्सेदारी दी है तो इतना तो राजनीतिक फर्ज भी बनता है कि पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकर्ता वाले रूप में रहे।

## शीतल चौधरी, सुमन जाटव और पूनम सिंह ने दिखाई ताकत





महिला पार्षदों की बात करें तो यहां सबसे आगे पार्षद शीतल चौधरी चौधरी दिखाई दी। शीतल चौधरी ने अपनी पहचान ऐसे नेता के रूप में स्थापित की है जो जनमुद्दों पर जनता के साथ है और पार्टी गाइडलाइन पर चलती हैं। पैठ बाजार वालों का मामला आया तो वो नवयुग मार्किट के मैदान में साथ दिखाई दीं। नगर निगम के सदन में उनके तेवर दिखाई देते हैं और जब पार्टी का कार्यक्रम है तो यहां पर भी पार्षद शीतल चौधरी सबसे आगे दिखाई दीं। जनप्रतिनिधि से लेकर पार्टी कार्यकर्ता के फॉरमेट में वो पूरी तरह सेट दिखाई दीं। हाल ही में नामित वाली कृपा से नवाजी गई नामित पार्षद सुमन जाटव भी पार्टी कार्यक्रम में आगे रहीं। नामित पार्षदों में वो अकेली पार्षद थी जो भाजपा का झंडा प्रदर्शन में बुलंद कर रही थीं। लाइन पार से पूनम सिंह भी इस कार्यक्रम में पार्षद के रूप में आगे रहीं। ये एक खास बात थी कि ये तीनों ही चेहरे लीडर वाइफ चेहरे नहीं। इन चेहरों ने अपनी राजीतिक जमीन खुद तैयार की है। ये चेहरे भाजपा की कार्यकर्ता संस्कृति के चेहरे हैं। सही मायनों में इन चेहरों से उन महिला नेताओं को सीख लेनी चाहिए जो अभी संघर्ष के दौर में हैं। अगर पार्टी कृपा कर रही है तो पार्टी के प्रति वफादारी भी दिखनी चाहिए।

## संपादकीय


# मामूली विवाद में हत्या

देश में पिछले कुछ वर्षों से मामूली विवाद पर हत्या कर देने की वारदात तेजी से बढ़ी है, जो न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौतियां पैदा कर रही है, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों के गिरते स्तर और बढ़ती असहिष्णुता को भी उजागर करती है। सवाल है कि पानी, पार्किंग, पैसों के लेन-देन और नोकझोंक जैसी छोटी-छोटी बातों पर किसी की जान ले लेना किस तरह के मानस को दर्शाता है। जिन विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, आखिर वे किसी की हत्या कर देने का कारण कैसे बन जाते हैं? यह स्थिति वास्तव में चिंताजनक है कि अपराध को अंजाम देने वालों के चेहरे पर न तो कानून का खौफ नजर आता है और न ही उनके भीतर मानवीय संवेदना शेष होती है। दिल्ली के प्रीत विहार में रविवार देर रात ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि मामूली कहासुनी से शुरू हुए विवाद में हत्या कर देने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के अनुसार, देश भर में वर्ष 2022 में हत्या के करीब दस हजार मामले सामने आए, जिनमें से ज्यादातर मामलों में हत्या की वजह मामूली विवाद था। सवाल है कि इस हिंसक होती मानव प्रवृत्ति का स्रोत क्या है? किसी विवाद को बातचीत से सुलझाने का विवेक मानव स्वभाव से दूर क्यों होता जा रहा है। खबरों के मुताबिक, प्रीत विहार की घटना में कारोबारी ने अपने आवास के सामने वाहन खड़ा करने पर आपत्ति जताई थी।

क्या यह इतना गंभीर मामला था कि बात हत्या तक पहुंच गई! इस घटना ने देश की राजधानी में कानून व्यवस्था पर भी फिर से सवाल खड़े किए हैं। अगर शहर की सड़कों पर लोग घातक हथियार लेकर घूमते हैं, तो इसमें सुरक्षा एजंसियों की निष्क्रियता और लापरवाही साफ नजर आती है। जाहिर है कि कानूनी तौर पर सतर्कता और सख्ती बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी मानवीय मूल्यों के क्षरण को रोकना होगा, तभी हिंसा के मानस को बदला जा सकता है।

दिल्ली के मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय एक विवाहित महिला की गला घोंटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि महिला के शव को एक पीजी (पेइंग गेस्ट) के बेड के बॉक्स में से बरामद किया गया। पुलिस को इस मामले में बलात्कार की भी आशंका है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए 22 साल के दीपक समेत उसके 50 साल के चाचा और 52 साल के चाचा के मित्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी भी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।

## राशिफल

**मेष:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन:** लेन-देन के कार्य सावधानीपूर्वक करें। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। रुका हुआ धन मिल सकता है।

**कर्क:** चोट व रोग से स्वास्थ्य पर व्यय हो सकता है। किसी दुष्ट व्यक्ति के प्रयास हानि पहुंचाने के हो सकते हैं। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी।

**सिंह:** किसी कार्य के प्रति चिंता हो सकती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्यक्षमता प्रभावित प्रभावित हो सकती है। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**कन्या:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। किसी से बेवजह विवाद हो सकता है। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**तुला:** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**वृश्चिक:** भूमि-भवन व दुकान-फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। किसी बड़े सौदे से बड़ा लाभ हो सकता है।

**धनु:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मकर:** वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी समस्या में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच्छा जागृत होगी।

**मीन:** बाहर से मेहमानों का आगमन हो सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नए संपर्क बनेंगे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# तीन दिन की तेजी थमी, बाजार में बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स 756 अंक लुढ़का, निफ्टी भी 198 अंक टूटा

**रुपया भी दबाव में, डॉलर के मुकाबले 93.83 पर बंद**

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार तीन दिन की तेजी के बाद आज गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक- सेंसेक्स 756.84 अंक गिरकर 78,516.49 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 831.03 अंक तक गिरा था।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 198.50 अंक की गिरावट के साथ 24,378.10 पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक विदेशी फंडों की निकासी और पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण निवेशकों में डर का माहौल देखा गया।



एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा 10.85 फीसदी की गिरावट आई। मार्च तिमाही के नतीजों से निवेशकों को खुशी नहीं मिली। कंपनी का शुद्ध लाभ 4,488 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक भी प्रमुख नुकसान में रहे। बुधवार को लाभ यानी हरे निशान पर रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, इटरनल और ट्रेंट प्रमुख रहे।

**रुपया लगातार तीसरे दिन कमजोर, 39 पैसे गिरकर 93.83 पर बंद**

बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी कमजोर हुआ। कारोबार खत्म होने के समय रुपया 39 पैसे गिरकर 93.83 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि घरेलू इक्विटी बाजारों में तीव्र बिकवाली भी हुई। विदेशी पूंजी निकासी के कारण भी भारतीय मुद्रा कमजोर हुई। दिन के कारोबार के दौरान रुपया 93.87 के निचले स्तर तक भी पहुंचा। 23 मार्च को पहली बार रुपया 94 के स्तर तक भी पहुंचा था। मंगलवार को रुपया 28 पैसे गिरकर 93.44 पर बंद हुआ था। सोमवार को भी रुपया 25 पैसे फिसला था।
मीराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी के मुताबिक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिका-ईरान वार्ता पर मंडरा रहे अनिश्चितता के बादल रुपये की गिरावट के प्रमुख कारण रहे। विश्लेषकों के मुताबिक बुधवार को होर्मुज में दो जहाजों पर हमले से चिंता और गहराने लगी है।

**रुपये का भविष्य और वैश्विक बाजार:** अनुज चौधरी ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। दबाव के बीच रुपये में नकारात्मक रुझान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के नरम होने से रुपये में तेज गिरावट रुक सकती है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.29 फीसदी बढ़कर 99.75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

## इस साल 6.4% और अगले साल 6.6% ग्रोथ का अनुमान

**मजबूत खपत और सेवा क्षेत्र दे रहे अर्थव्यवस्था को सहारा**




**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का इस साल 6.4 फीसदी और अगले साल 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिसमें मजबूत खपत और सेवा क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट में भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र की विकास प्रक्रिया का अहम इंजन बताया गया है। पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा, आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दशार्ते हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी।

इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला।

**एफडीआई और रेमिटेंस**

व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।
एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमश: 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है। इससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

# ग्राहकों को अपने पैसे पर मिलेगा अधिक नियंत्रण

## आरबीआई ने लागू किए नए दिशा-निर्देश




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ई-मैंडेट से जुड़े नए दिशा-निर्देश मंगलवार से लागू कर दिए। नए नियमों के तहत, खाते से पैसा काटने (ऑटो डेबिट) से 24 घंटे पहले संबंधित बैंक या कार्ड जारी करने वाले वित्तीय संस्थानों को इसका अलर्ट ग्राहक को देना होगा। ये नियम उन सभी ऑटो भुगतान जैसे ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बीमा प्रीमियम, बिल भुगतान, एसआईपी और ईएमआई पर लागू होंगे, जो कार्ड, यूपीआई या प्रीपेड माध्यमों से किए जाते हैं।
दरअसल, आरबीआई ने ऑटो डेबिट को आसान व सुरक्षित बनाने के लिए डिजिटल पेमेंट्स-ई-मैंडेट फ्रेमवर्क, 2026 जारी किया है। नए नियमों के जरिये ग्राहक कभी भी अपने ई-मैंडेट को बदल या पूरी तरह बंद कर सकते हैं। इससे उन्हें खाते से कटने वाले पैसों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। यदि आपने कोई ऑटो डेबिट चालू किया है और अब बंद करना चाहते हैं, तो ई-मैंडेट रद्द या बदल सकते हैं। हालांकि, ऑटो डेबिट सुविधा शुरू करने से पूर्व ग्राहक को एकबार पंजीकरण कराना होगा। वहीं, डेबिट या क्रेडिट कार्ड एक्सपायर होने पर सब्सक्रिप्शन सेवाओं के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने या एप अपडेट की जरूरत नहीं पड़ेगी। बैंक पुराने कार्ड के सभी भुगतान निर्देशों को नए कार्ड पर ट्रांसफर करेंगे।

# ईरान संकट बीच भारत की नए बाजारों में जमने की तैयारी, नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत निर्यात विविधीकरण के रास्ते पर है और कई देशों का साथ व्यापार समझौतों पर तेजी से काम किया जा रहा है। ईरान संकट के बीच भारत कारोबार के लिए नए बाजारों में जमने की तैयारी में है। इसके लिए कनाडा, इस्राइल, श्रीलंका, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम हो रहा है। फिलीपींस और मालदीव के साथ भी बातचीत आगे बढ़नी है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका (विशेषकर अमेरिका) और यूरोप (नीदरलैंड्स के नेतृत्व में) जैसे पारंपरिक बाजार निर्यात के प्रमुख आधार बने रहे। उत्तर-पूर्व एशिया और पूर्वी



अफ्रीका जैसे उभरते क्षेत्र महत्व प्राप्त कर रहे हैं। यह धीरे-धीरे विविधीकरण को दशार्ता है। मुक्त व्यापार समझौतों के जरिये भारत का कुल व्यापार 2024 में बढ़कर 28.8 फीसदी पहुंच गया, जो 2006 में 4.6 फीसदी था। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता लागू हो जाने के बाद यह हिस्सेदारी और बढ़ेगी। आयात-निर्यात में खाड़ी क्षेत्र का 12 फीसदी हिस्सा भारत के कुल निर्यात-आयात में खाड़ी क्षेत्र की करीब 12 फीसदी है।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान के ब्रिटेन दौरे से भारत-यूके रक्षा साझेदारी को नई मजबूती

**नई दिल्ली।** जनरल अनिल चौहान ने अपने ब्रिटेन दौरे के दौरान रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से यूके के रक्षा उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रक्षा विनिर्माण, तकनीक हस्तांतरण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर जोर दिया।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल चौहान ने कहा कि भारत और यूके के बीच आर्थिक एकीकरण बढ़ने से रक्षा क्षेत्र में सहयोग और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा औद्योगिक साझेदारी से महत्वपूर्ण तकनीकों के सह-डिजाइन, सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले जनरल चौहान ने लंदन स्थित स्मारक द्वार पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वीर जवानों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह समारोह भारत और ब्रिटेन की सेनाओं के बीच साझा सैन्य परंपराओं, स्मरण, सेवा और बलिदान के मूल्यों को दशार्ता है तथा दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूत करता है। जनरल चौहान ने ब्रिटेन की इंडो-पैसिफिक मामलों की राज्य मंत्री सीमा मल्होत्रा से भी मुलाकात की।

इसके अलावा उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों, थिंक-टैंक प्रतिनिधियों और रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ भारतीय सैन्य परिवर्तन-चुनौतियां और अवसर विषय पर गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की।

# खरीफ फसलों और खाद की सप्लाई पर मंडराया संकट, एफएओ अर्थशास्त्री ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण खाद की सप्लाई चेन टूट गई है। इस बीच खाद्य और कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने चेतावनी दी है कि खरीफ बुवाई से पहले भारत में खाद की कमी और महंगाई का खतरा बढ़ रहा है, जिससे फसल उत्पादन, खाद्य कीमतों और किसानों की आय पर गंभीर असर पड़ सकता है।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने भारत को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि खरीफ की फसल की बुवाई से पहले भारत में खाद्य महंगाई का खतरा बढ़ रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव ने खाद की सप्लाई को प्रभावित किया है। पश्चिम एशिया संकट का असर: 2025-26 में भारत का वस्तु निर्यात 2-3% घटने का अनुमान, फियो ने जताई चिंता




भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खाद पर 18.6 अरब डॉलर की सब्सिडी दी है। इसके बावजूद खाद की उपलब्धता कम होने का डर है। भारत अपनी जरूरत की लगभग 35 प्रतिशत खाद खाड़ी देशों से मंगवाता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावट आने से यह सप्लाई रुक गई है।

एएनआई से बात करते हुए, मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अगर यह संकट जारी रहा, तो भारत को आयात के लिए ज्यादा पैसे देने होंगे। इससे गेहूं, चावल और सब्जियों की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा।

# 60 साल पुराने गन्ना कानून में बदलाव की तैयारी: इथेनॉल व डिजिटल नियम जोड़े गए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 1966 के पुराने गन्ना नियंत्रण कानून को बदलकर नया नियम लाने जा रही है। इसमें चीनी के साथ इथेनॉल उत्पादन, डिजिटल रिपोर्टिंग और फैक्ट्री मंजूरी के नए प्रावधान शामिल होंगे। 600 लीटर इथेनॉल को 1 टन चीनी के बराबर माना जाएगा। नए नियम इथेनॉल उद्योग को बढ़ावा देंगे और किसानों के भुगतान नियम पहले जैसे ही रहेंगे। केंद्र सरकार ने चीनी उद्योग को लेकर बड़ा बदलाव



प्रस्तावित किया है। सरकार 1966 के पुराने शुगरकेन कंट्रोल ऑर्डर को हटाकर एक नया और आधुनिक कानून लाने की तैयारी में है। इस नए ड्राफ्ट में चीनी उत्पादन के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन, डिजिटल रिपोर्टिंग और फैक्ट्री की मंजूरी से जुड़े नियम भी शामिल किए गए हैं। इस पर 20 मई तक जनता से सुझाव मांगे गए हैं।

नए नियमों में पुराने कानून की कुछ मुख्य बातें बरकरार रखी गई हैं, जैसे गन्ने का उचित मूल्य, गन्ना आपूर्ति की व्यवस्था, 14 दिन के भीतर किसानों को भुगतान और देरी होने पर 15% सालाना ब्याज। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव इथेनॉल को लेकर किया गया है। अब चीनी फैक्ट्रियों की परिभाषा में इथेनॉल उत्पादन को भी शामिल किया जाएगा। यानी गन्ने के रस, सिरप, चीनी और शीरे (मोलासेस) से इथेनॉल बनाने वाली इकाइयों को भी इस कानून के तहत माना जाएगा। नए नियम में यह भी तय किया गया है कि 600 लीटर इथेनॉल को 1 टन चीनी के बराबर माना जाएगा।

## चुटकुले

पत्नी: तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति: जितना मोबाइल को करता हूँ
पत्नी: अच्छा!
पति: हां दिन में 100 बार चेक करता हूँ

---

टीचर: बताओ आई लव यू का आविष्कार किसने किया?
स्टूडेंट: चीन वालों ने
टीचर: कैसे?
स्टूडेंट: क्योंकि इसमें भी गारंटी नहीं होती

---

दोस्त: यार मेरी गर्लफ्रेंड बहुत गुस्सा करती है
दूसरा: तो बदल दे
दोस्त: वही तो फोन का पासवर्ड नहीं पता

---

पापा: बेटा, तुम फेल कैसे हो गए?
बेटा: पेपर में सवाल ही ऐसे आए थे जो मुझे आते नहीं थे
पापा: और जो आते थे?
बेटा: वो पेपर में नहीं आए

---

बीवी: आज मैं बहुत रोमांटिक मूड में हूँ
पति: अच्छा!
बीवी: चलो बर्तन धो देते हैं साथ में
पति: मेरा मूड अब खराब हो गया

---

डॉक्टर: आपको क्या परेशानी है?
मरीज: नींद नहीं आती
डॉक्टर: मोबाइल छोड़ दो
मरीज: फिर डॉक्टर के पास आने का बहाना क्या रहेगा

दैनिक **करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

**23 04 2026 करंट क्राइम**

**सेलेब्रिटी जन्मदिन** — जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



मनोज बाजपेयी (अभिनेता)



आंचल शर्मा | पिंकी अग्रवाल | स्वीकीर्ति दीक्षित | स्मिता सामांथा | रेखा गुलाटी



मनोज | नवीन त्यागी | अरुण चौधरी भुल्लन | सोनू अब्बास | विनय प्रजापति | सचिन हिंदू | सम्भ्रांत मिश्रा



सुशील राजौरा | दीपेश शर्मा | अजीत | हिमांशु बक्शी | राजा चरण | संजीव गुप्ता | जितेन्द्र गुप्ता

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# नौ मौके, जब एक खिलाड़ी विपक्षी टीम के 11 पर पड़ा भारी

**अहमदाबाद।** आईपीएल इतिहास में कई बल्लेबाजों ने ऐसी विस्फोटक पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने अकेले ही विपक्षी टीम के पूरे स्कोर को पीछे छोड़ दिया। मैकुलम ने इसकी शुरूआत की, जबकि क्रिस गेल ने यह कारनामा सबसे ज्यादा बार किया। आईपीएल 2026 में तिलक वर्मा ने भी इस खास लिस्ट में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में हर साल कई रिकॉर्ड टूटते हैं और बनते हैं। हर रिकॉर्ड किसी न किसी वजह से खास होता है। इस लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों की असली परख होती है। कुछ दबाव में बिखर जाते हैं और कुछ निखर जाते हैं। इस लीग ने कई खिलाड़ियों की पहचान दिलाई और उन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं तिलक वर्मा। मुंबई इंडियंस से खेलने वाले तिलक ने 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ बेहतरीन शतक जड़ा। उन्होंने 101 रन की नाबाद पारी खेली और इसकी बदौलत मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए।

## आईपीएल में एक बल्लेबाज बनाम पूरी विपक्षी टीम

| साल | खिलाड़ी | स्कोर | टीम | विपक्षी टीम और स्कोर |
|---|---|---|---|---|
| 2008 | ब्रैंडन मैकुलम | 158* | कोलकाता | बेंगलुरु- 82 |
| 2009 | राहुल द्रविड़ | 66 | बेंगलुरु | राजस्थान- 58 |
| 2013 | क्रिस गेल | 175* | बेंगलुरु | पुणे- 133 |
| 2015 | क्रिस गेल | 117 | बेंगलुरु | पंजाब- 88 |
| 2016 | एबी डिविलियर्स | 129* | बेंगलुरु | गुजरात लायंस- 104 |
| 2016 | विराट कोहली | 109 | बेंगलुरु | गुजरात लायंस- 104 |
| 2019 | जॉनी बेयरस्टो | 114 | हैदराबाद | बेंगलुरु- 113 |
| 2020 | केएल राहुल | 132* | पंजाब | बेंगलुरु- 109 |
| 2026 | तिलक वर्मा | 101* | मुंबई | गुजरात टाइटंस- 100 |



जवाब में गुजरात की पूरी टीम 100 रन पर सिमट गई। यानी गुजरात के 11 खिलाड़ी मिलकर भी तिलक जितने रन नहीं बना सके। आईपीएल में ऐसा नौ बार हो चुका है, जब एक खिलाड़ी बाद में बैटिंग करने वाली विपक्षी टीम के 11 खिलाड़ी पर भारी रहा है। यानी सामने वाली टीम उस एक खिलाड़ी जितने रन भी नहीं बना सकी। तिलक इस लिस्ट में शामिल होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे और मुंबई के लिए ऐसा करने वाले पहले बैटर रहे। 2020 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब पहली पारी में किसी ने शतक बनाया हो और बाद में बैटिंग करने वाली टीम उसके रन से भी कम स्कोर पर ढह गई है।

**मैकुलम ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज**

ब्रैंडन मैकुलम ने 2008 में आईपीएल के पहले ही मैच में इतिहास रच दिया था, जब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए नाबाद 158 रन ठोक दिए। यह पारी इतनी शानदार थी कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पूरी टीम केवल 82 रन पर सिमट गई, और मैकुलम अकेले ही विपक्षी टीम से ज्यादा रन बना गए। यह आईपीएल इतिहास का पहला ऐसा मौका था जब किसी एक बल्लेबाज ने पूरी विपक्षी टीम को पछाड़ दिया।

**क्रिस गेल ने सबसे ज्यादा दो बार किया ऐसा**

इस खास उपलब्धि को सबसे ज्यादा बार दोहराने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने यह उपलब्धि दो बार हासिल की है। उनके अलावा कई दिग्गज बल्लेबाजों ने भी ऐसी विस्फोटक पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने अकेले ही विपक्षी टीम के स्कोर को पीछे छोड़ दिया।

**तिलक वर्मा की धमाकेदार पारी**

तिलक वर्मा ने आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए एक यादगार पारी खेली। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाए और अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। इस पारी की खास बात उनकी शुरूआत और अंत के बीच का जबरदस्त अंतर था।

# हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ मुश्किल में घिरे

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अवमानना का दोषी ठहराया





**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को उचित समझे जाने वाले उपाय करके अवमानना को सुधारने की स्वतंत्रता दी।

अदालत ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया। उन्होंने अपनी इस याचिका पर हॉकी इंडिया के अधिकारियों द्वारा 17 जनवरी, 2025 को पारित आदेश का पालन नहीं करने का आरोप लगाया था। अदालत ने कहा कि उसके निर्देशों के अनुसार हॉकी इंडिया के अधिकारियों को याचिकाकर्ता को वे जरूरी लिंक उपलब्ध कराने थे जिससे कि वह कार्यकारी बोर्ड की सभी बैठकों में भाग ले सकें, लेकिन चार जुलाई 2025 और 27 जुलाई 2025 को आयोजित बैठकों के लिए ऐसा नहीं किया गया। इसमें पाया गया कि कथित तौर पर बाद की किसी भी घटना से अधिकारियों को याचिकाकर्ता को लिंक प्रदान करने के अपने दायित्व से छूट नहीं मिलती, जबकि उन्होंने निर्देश में संशोधन की मांग भी नहीं की थी।

अदालत ने माना कि हॉकी इंडिया और सिंह ने वर्तमान कार्यवाही के दौरान जिस तरह से व्यवहार किया, वह अदालत की अवमानना का स्पष्ट मामला है। अदालत ने अपने फैसले में कहा, अवमानना को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

# अभिषेक-कोहली नहीं, इस दिग्गज ने टी20 में सबसे तेज नौ शतक जड़े

**हैदराबाद।** टी20 क्रिकेट में शतकों के मामले में क्रिस गेल सबसे आगे हैं, जिनके नाम 22 शतक हैं। उनके बाद बाबर आजम (12) और डेविड वॉर्नर (10) का नंबर आता है। वहीं नौ शतकों के साथ पांच खिलाड़ी संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर मौजूद हैं। अभिषेक शर्मा का इस लिस्ट में शामिल होना उनके तेजी से उभरते करियर और शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उन्हें रिकॉर्ड बुक में खास जगह दिला दी। बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने टी20 करियर (अंतरराष्ट्रीय + लीग + घरेलू टूनार्मेंट) का नौवां शतक लगाया। उन्होंने इसके लिए 184 पारियां खेलीं। वह टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, वह टी20 में पारियों के हिसाब से सबसे तेज नौ शतक पूरे करने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। आइए जानते हैं कि टी20 क्रिकेट में सबसे तेज नौ शतक किस खिलाड़ी ने पूरे किए।

### टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| क्रिस गेल | 22 |
| बाबर आजम | 12 |
| डेविड वॉर्नर | 10 |
| क्विंटन डिकॉक | 9 |
| विराट कोहली | 9 |
| राइली रूसो | 9 |
| साहिबजादा फरहान | 9 |
| अभिषेक शर्मा | 9 |

### आठ खिलाड़ियों ने नौ या इससे ज्यादा शतक लगाए

अभी तक टी20 क्रिकेट में नौ या इससे ज्यादा शतक सिर्फ आठ खिलाड़ियों ने लगाए हैं। क्रिस गेल 22 शतक के साथ इस लिस्ट में टॉप पर हैं, जबकि बाबर आजम 12 शतक के साथ लिस्ट में दूसरे नंबर पर और डेविड वॉर्नर 10 शतक के साथ लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। अभिषेक के अलावा क्विंटन डिकॉक, विराट कोहली, राइली रूसो और साहिबजादा फरहान ने भी टी20 में नौ-नौ शतक लगाए हैं। इतना ही नहीं, अभिषेक शर्मा अब भारतीय बल्लेबाजों में विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 100+ स्कोर करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



**1. क्रिस गेल:** सबसे तेज नौ शतक पूरे करने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्रिस गेल के नाम है। यूनिवर्स बॉस ने 19 जनवरी 2013 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपने टी20 करियर का नौवां शतक लगाया था। तब उन्होंने 90 गेंद में 114 रन की पारी खेली थी। नौ शतक पूरे करने में गेल को 124 पारियां लगीं थीं।

**2. साहिबजादा फरहान:** सबसे तेज नौ टी20 शतक पूरे करने के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान हैं। उन्होंने एक अप्रैल 2026 को अपने टी20 करियर का नौवां शतक लगाया। वह अब तक 171 टी20 की 165 पारियों में 5257 रन बना चुके हैं। नौ शतक के अलावा इनमें 33 अर्धशतक भी हैं।

**3. अभिषेक शर्मा:** सबसे तेज नौ टी20 शतक पूरे करने के मामले में तीसरे नंबर पर अभिषेक हैं। उन्होंने मंगलवार को 184 पारियों में यह मुकाम हासिल किया है। नौ शतक के अलावा टी20 में व 34 अर्धशतक लगा चुके हैं। अभिषेक के नाम टी20 क्रिकेट में 5564 रन हैं।

**4. बाबर आजम:** सबसे तेज नौ टी20 शतक के मामले में चौथे नंबर पर बाबर आजम हैं। वह अब तक कुल 12 शतक लगा चुके हैं और उनका नौवां टी20 शतक 15 अप्रैल 2023 को न्यूजीलैंड के खिलाफ लाहौर में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आया था। वह अब तक 342 टी20 पारियों में 42.72 की औसत से 12306 रन बना चुके हैं।

**5. राइली रूसो:** दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा सका, लेकिन लीग्स में काफी एक्टिव है। रूसो फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग का हिस्सा हैं। रूसो ने अब तक 383 टी20 पारियों में 9932 रन बनाए हैं। इनमें नौ शतक के अलावा 58 अर्धशतक हैं।

**6. विराट कोहली:** इस लिस्ट में छठे नंबर पर भारत के दिग्गज विराट कोहली हैं। उन्होंने भी अब तक टी20 क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। वह अब तक 403 टी20 पारियों में 42.04 की औसत से 13790 रन बना चुके हैं। कोहली का नौवां टी20 शतक छह अप्रैल 2024 को आईपीएल में ही आया था। तब उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 94 गेंद में 113 रन की पारी खेली।

**7. क्विंटन डिकॉक:** डिकॉक भी टी20 क्रिकेट में नौ शतक पूरे कर चुके हैं और उनका नौवां शतक हाल ही में आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए आया था। वह अब तक 427 टी20 पारियों में 31.51 की औसत से 12447 रन बना चुके हैं।

8. डेविड वॉर्नरः इस लिस्ट में आखिरी नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर हैं। वॉर्नर ने अब तक 435 टी20 पारियों में 14121 रन बनाए हैं। इनमें 10 शतक और 116 अर्धशतक शामिल हैं।

# जानलेवा पिच के कारण रद्द हुआ मैच

## जेडन सील्स की खतरनाक बाउंसर से चोटिल हुआ बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज चैंपियनशिप का एक मुकाबला खतरनाक पिच के कारण रद्द कर दिया गया और अंपायर्स ने इसे ड्रॉ करार दिया। जेडन सील्स की गेंद पर लीवर्ड आइलैंड्स के बल्लेबाज चोटिल हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**खतरनाक पिच की वजह से रद्द हुआ मुकाबला:** वेस्टइंडीज चैंपियनशिप के तहत सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा चार दिवसीय मैच मंगलवार सुबह समय से पहले खत्म हो गया। अंपायरों ने पिच को खेलने के लिए बहुत खतरनाक माना। लगातार खराब होते पिच की वजह से अंपायरों ने खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मैच को रद्द करने का फैसला लिया।

**गेंद लगने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाया गया बल्लेबाज:** यह फैसला लीवर्ड आइलैंड्स की दूसरी पारी में एक चिंताजनक पल के बाद आया जब त्रिनिदाद और टोबैगो के पेसर जेडन सील्स की एक तेज उठती हुई गेंद जेरेमिया लुइस के हेलमेट पर लगी। गेंद अचानक लेंथ से उछल गई, जबकि पिछली गेंद नीचे रह गई थी। गेंद लगने के तुरंत बाद लुइस गिर पड़े, उनका बल्ला गिर गया और फिर उन्होंने गुस्से में अपने हेलमेट पर पैर मारा। उन्हें मैदान पर मेडिकल मदद मिली, फिर उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाकर आगे की जांच के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। **क्रिकेट वेस्टइंडीज ने क्या कहा:** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'क्यूरेटर के साथ बातचीत के बाद अंपायरों ने यह तय किया कि पिच को ठीक नहीं किया जा सकता है। बयान में कहा गया, 'मैच रद्द करने का फैसला कॉम्पिटिशन को नियंत्रित करने वाली शर्तों के अनुसार लिया गया। इन शर्तों के तहत, जब ऑन-फील्ड अंपायर यह तय करते हैं कि खेल जारी रखना खतरनाक या गलत है, तो खेल रोक दिया जाना चाहिए, और क्रिकेट वेस्टइंडीज के मैच रेफरी से सलाह ली जानी चाहिए।'

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भरोसा दिलाया है कि टूनार्मेंट फाइनल सहित वेन्यू पर आने वाले मैचों से पहले सुधार के उपाय किए जाएंगे। बोर्ड ने कहा, 'आगे के मैचों के लिए एक सुरक्षित और प्रतियोगी पिच तैयार किया जाएगा जिसके लिए सभी जरूरी संसाधन और विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया जाएगा। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि लीवार्ड आइलैंड्स बनाम त्रिनिदाद और टोबैगो मैच के लिए इस्तेमाल की गई सतह वेन्यू पर मौजूद छह पिचों में से एक है और गुयाना बनाम विंडवर्ड आइलैंड्स सीरीज के पहले मैच के लिए इस्तेमाल की गई सतह से अलग है।

### जेडन सील्स ने झटके सात विकेट

त्रिनिदाद और टोबैगो के कोच रयाद एमरिट ने कहा, 'सच कहूं तो, ढाई दिन तक बाउंस एक जैसा नहीं रहा। मेरे हिसाब से, अगर यही फैसला है, तो उन्हें पहले दिन ही यह कर लेना चाहिए था।' मैच रोके जाने के समय लीवर्ड आइलैंड्स का स्कोर 140/7 था। सील्स के पास एक पारी में 10 विकेट लेने का मौका चला गया। मैच रद्द किए जाने के समय वह 34 रन देकर सात विकेट ले चुके थे।

# 'अंडरटेकर-केन में भी लड़ाई...', हार्दिक से अनबन की खबरों पर बोले क्रुणाल पांड्या



**बेंगलुरु।** क्रुणाल पांड्या ने हार्दिक पांड्या के साथ अनबन की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है। साथ ही उन्होंने स्लेजिंग विवाद पर भी सफाई दी और बताया कि वह सिर्फ मजाक कर रहे थे, जिसे गलत समझा गया।

हाल ही में आईपीएल 2026 के एक मुकाबले में आरसीबी और मुंबई इंडियंस आमने-सामने थे, जहां क्रुणाल और हार्दिक एक-दूसरे के खिलाफ खेलते नजर आए। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच मुकाबले के कुछ वीडियो वायरल हुए, जिसके बाद फैंस ने उनके रिश्ते को लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए।

**क्रुणाल ने हंसी में उड़ाई अफवाह**

आरसीबी के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जब होस्ट ने उनसे पूछा, 'क्या सब ठीक है या कोई लड़ाई चल रही है?' तो क्रुणाल हंस पड़े। इस पर होस्ट ने कहा- डब्ल्यूडब्ल्यूई में अंडरटेकर और केन में भी लड़ाई होती है।' इसके बाद होस्ट द्वारा दोबारा पूछे जाने पर क्रुणाल ने साफ कहा, 'सब ठीक है।' उनका यह जवाब काफी स्पष्ट था कि भाइयों के बीच किसी तरह की अनबन नहीं है और सोशल मीडिया पर चल रही बातें सिर्फ अफवाह हैं।

**स्लेजिंग विवाद पर भी दी सफाई**

इसी बातचीत में क्रुणाल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी को लेकर उठे ह्यस्लेजिंगह्ल के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'लोग कह रहे थे कि मैंने एक युवा खिलाड़ी को स्लेज किया। मैंने ऐसा कुछ नहीं किया। मैंने बस उससे कहा कि तुम बड़े शॉट्स खेल सकते हो, लॉन्ग ऑन या लॉन्ग ऑफ के ऊपर मारो। वह हंस रहा था, यह सिर्फ मजाक था।' क्रुणाल ने यह भी जोड़ा कि उनके हेयरस्टाइल की वजह से लोग उन्हें गंभीर और गुस्सैल समझ लेते हैं, जबकि असल में वह ऐसे नहीं हैं।

**आरसीबी के लिए अहम खिलाड़ी:** इस सीजन में क्रुणाल पांड्या आरसीबी के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपनी गेंदबाजी में विविधता, खासकर बाउंसर का इस्तेमाल, उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपनी उपयोगिता और बढ़ा दी है। इसके साथ ही निचले क्रम में उनकी बल्लेबाजी भी टीम के लिए फायदेमंद साबित हो रही है।

# क्या गुजरात टाइटंस के होटल में स्मोकिंग कर रहे थे रबाडा



**अहमदाबाद।** कगिसो रबाडा का एक कथित स्मोकिंग वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर फैंस तरह-तरह के दावे कर रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है और अमर उजाला इसकी पुष्टि नहीं करता। रबाडा फिलहाल गुजरात टाइटंस के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन यह मामला सोशल मीडिया पर बहस का विषय बन गया है।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका प्रदर्शन नहीं बल्कि एक वायरल वीडियो है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो में दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज रबाडा धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साफ नहीं हो पाई है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल इस क्लिप में एक व्यक्ति को स्मोकिंग करते हुए देखा जा रहा है, जिसे फैंस कगिसो रबाडा बता रहे हैं। वीडियो में गुजरात टाइटंस की जर्सी में कुछ अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। फैंस इन्हें गुजरात टाइटंस के स्टाफ बता रहे हैं। फैंस का कहना है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का है। हालांकि, यह कबका है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता और इसकी सत्यता स्वतंत्र रूप से जांची नहीं जा सकी है।

## इस सीजन में रबाडा का प्रदर्शन

मैदान पर रबाडा का प्रदर्शन इस सीजन शानदार रहा है। गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए वह पर्पल कैप की रेस में टॉप गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने अब तक छह मैचों में 10 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका औसत 22.20 का रहा है और इकोनॉमी 9.73 का रहा है। उनकी गेंदबाजी ने टीम को कई अहम मौकों पर सफलता दिलाई है, भले ही कुछ मैचों में वह थोड़े महंगे साबित हुए हों।

## पुराने विवाद फिर चर्चा में

इस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना मामला भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टीट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह बीच टूनार्मेंट टीम से बाहर हो गए थे और बाद में वापसी की थी। हालांकि उस मामले की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी।

## टीम की स्थिति

इस समय गुजरात टाइटंस अंक तालिका में छठे स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। टीम का अगला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 24 अप्रैल को है, जो उनके लिए काफी अहम रहेगा।

# 'अभी नहीं, लेकिन फिर कोचिंग करूंगा', एंडी मरे ने भविष्य की योजनाओं पर खोला दिल



**लंदन।** एंडी मरे ने कहा कि वह भविष्य में फिर से कोचिंग करना चाहते हैं, लेकिन अभी नहीं। जोकोविच के साथ काम करने के अनुभव ने उन्हें काफी कुछ सिखाया, जबकि उन्होंने अपने करियर को बिना पछतावे के खत्म करने पर भी संतोष जताया।

ब्रिटेन के महान टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अपने रिटायरमेंट के बाद के कोचिंग अनुभव को लेकर खुलकर बात की है। मरे ने साफ किया कि वह भविष्य में फिर से कोचिंग करना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल वह इस जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं हैं।

मरे, जिन्होंने रिटायरमेंट के बाद कुछ समय के लिए नोवाक जोकोविच के साथ काम किया, ने इस अनुभव को सीखने वाला बताया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'जोकोविच ने शायद मुझसे कुछ नहीं सीखा, लेकिन मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं दोबारा कोचिंग करना चाहूंगा, लेकिन अभी नहीं।'

## कोचिंग अनुभव से मिली नई सीख

मरे ने बताया कि एक खिलाड़ी से कोच बनने का सफर काफी अलग होता है। उन्होंने कहा कि जोकोविच के साथ काम करने के दौरान उन्हें उनके खेल और रोजमर्रा की तैयारी को करीब से समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'मैं उनके खेल के बारे में पहले से काफी जानता था, क्योंकि वर्षों तक उनके खिलाफ खेला हूं। लेकिन कोच के तौर पर उनकी दिनचर्या को देखना एक अलग अनुभव था।'

## कम्युनिकेशन है सबसे बड़ा हथियार

मरे ने यह भी स्वीकार किया कि कोचिंग में सबसे अहम चीज खिलाड़ी के साथ संवाद और समझ है। उन्होंने बताया कि एक पिता होने के नाते उनकी सोच में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, 'कोचिंग में यह जरूरी है कि आप अपने खिलाड़ी को समझें और उसकी बात सुनें। मुझे लगता है कि बच्चों के साथ समय बिताने से मैं ज्यादा समझदार बना हूं।'

## टीम का हिस्सा बनने का अनुभव

मरे ने कहा कि जब आप खिलाड़ी होते हैं तो पूरी टीम आपके लिए काम करती है, लेकिन कोच के तौर पर आप टीम का एक छोटा हिस्सा होते हैं। उन्होंने समझाया, 'कोचिंग में आप टीम के साथ मिलकर काम करते हैं, जहां आपका मकसद एक खिलाड़ी को बेहतर बनाना होता है।' मरे ने नोवाक जोकोविच का समर्थन करते हुए कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की क्षमता रखते हैं।

## बिना पछतावे लिया संन्यास

अपने करियर को लेकर मरे ने कहा कि उन्होंने टेनिस सिर्फ नतीजों के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून के लिए खेला। उन्होंने कहा, 'मैं चार-पांच साल पहले भी रिटायर हो सकता था, लेकिन मैंने खेलना जारी रखा क्योंकि मुझे टेनिस से प्यार था।' मरे ने यह भी कहा कि उन्होंने सही समय पर संन्यास लिया और अब उन्हें कोई पछतावा नहीं है।

# भारत सैफ महिला चैंपियनशिप के ग्रुप बी में, बांग्लादेश और मालदीव अन्य टीमें



**नई दिल्ली।** भारत सैफ महिला चैंपियनशिप का रिकॉर्ड पांच बार का चैंपियन है। उसने 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में खिताब जीते।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम को 25 मई से छह जून तक गोवा के मडगाव में होने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश और मालदीव के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। नेपाल, श्रीलंका और भूटान ग्रुप ए में हैं। ढाका में बुधवार को सैफ सचिवालय में ड्रॉ डाले गए, जिसके अनुसार प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

पाकिस्तान ने अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला किया है। भारत दूसरी बार सैफ महिला चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इससे पहले उसने 2016 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में इसकी मेजबानी की थी। भारत ने तब अपना चौथा खिताब जीता था।

गोवा दूसरी बार सैफ चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इससे पहले 1999 की पुरुष चैंपियनशिप भी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ही आयोजित की गई थी, जहां भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था।

भारत सैफ महिला चैंपियनशिप का रिकॉर्ड पांच बार का चैंपियन है। उसने 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में खिताब जीते। बांग्लादेश पिछले दो बार का चैंपियन है। उसने 2022 और 2024 में खिताब जीते थे।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | गुरुवार • 23 अप्रैल -2026

# गाजियाबाद आसपास




# तनिशा का शुभ विवाह दिव्यांश के साथ धूम-धाम से हुआ सम्पन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सेवानिवृत्त डिप्टी एसपी अनिल समानिया की सुपुत्री तनिशा का शुभ विवाह संजय तोमर के सुपुत्र दिव्यांश के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। तनिशा के पिता अनिल समानिया और माता सुधा समानिया ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और सभी का आभार व्यक्त किया।




## मंगवा लिये उन्होंने 25 गुलाब के फूल और फिर हो गये खुद ही कूल

फूल वालों के यहां जलवा फूलों का ही रहता है। महिलायें सड़क पर निकलीं तो वाल्मीकि पार्क वाले फूल बरसाने लगे। जूलूस निकलेगा तो फूल बरसायेंगे, स्वागत करेंगे तो फूल बरसायेंगे। लेकिन किस्सा फूलों की नापतौल का गूंज रहा है। बताते हैं कि वेलकम की ड्राईंग तैयार हो रही थी। कौन कहां बैठेगा और कौन कैसे फूल अर्पित करेगा इसकी चर्चा हुई। जिनके हाथ में हुकुमरानी है उन्हीं की ये जुबानी है। फरमान जारी हुआ कि 25 गुलाब के फूल मंगायेजायें। अब जो पन्नी में आधा किलो, एक किलो पांच किलो गुलाब की पंखुड़ियां लाते रहे हैं। वो इस बात पर हैरान की 25 गुलाब का क्या होगा। उन्होंने सोचा कि शायद एक एक गुलाब किसी खास को दिया जाना होगा। बहरहाल 25 गुलाब आ गये और बताते हैं कि इन गुलाबों को देखकर उनका भी मूड खराब हो गया। ईधर गुलाब मंगवाने वाले कभी गुलाबों को गिने और पता नहीं क्या हिसाब लगायें। फूल वाले ये बताने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे कि हुजुर एक एक फूल तो फेंका नहीं जायेगा और 25 फूल का क्या गणित बिठाओगे। किस्सा रोचक है और फूलों की पंखुड़ियों का जो हुआ सो हुआ मगर 25 गुलाब का किस्सा गूंज रहा है।

## जैसे हमने मांगे थे वोट, तुम्हे भी ऐसे ही करना चाहिए था हमें सपोर्ट

कृपा वाली लिस्ट जारी हुई और नाराजगी का गुबार बाहर आ गया। नदिया के उस पास से लेकर लाईन के उस पार तक कई फूल बिल्कुल भी कूल नहीं है। उनके लहजे भी बबूल हैं और उन्हें लग रहा है कि हमारा तो पार्टी के प्रति समर्पण ही फिजूल है। बताते हैं कि एक मौहल्ले में जनप्रतिनिधि और देवतुल्य का एन्काउन्टर हो गया। यहां जनप्रतिनिधि ने देवतुल्य को अपनी मजबूरियां गिनायीं। देवतुल्य ने भी साफ कह दिया कि नेता जी जब हमने तुम्हारे लिये वोट मांगे थे तब हमने मजबूरियां नही गिनाई थीं। तब किसी ने हमें तुम्हारी एक कमी गिनाई थीं तो हमने 10 खूबियां बताई थीं। जिस तरह से हमने तुम्हारे लिए वोट मांगे थे, तुम्हे कम से कम उसी तरह हमारे लिए सपोर्ट करना चाहिए था।

## अप्रैल में आया है गमछा तो अक्टूबर में वो ले ना आयें लेकर चरखा

राजनीति में हर दल अपना एक रंग लेकर आता है। हाथी वालों का रंग किसने नीला घोषित किया नहीं पता, लेकिन ये धीरे धीरे हाथी वालों की पहचान बन गया। रंग राजनीतिक दल का था और इसे बिरादरी से जोड़ दिया गया। फिर भगवा रंग 2017 के बाद से फूल वालों का रंग बना। बाबा के सीएम बनने सेपहले इस रंग में रंगा कोई भगवा नेता नहीं है। लेकिन उसके बाद कुर्ते से लेकर पटके का कलर भगवा हो गया। रंग बाबा का था और इसका राजनीतिकरण हो गया। मगर रंग बदलने की बेला अप्रैल महीने में आयी। लाल टोपी वाले साईकिल सम्राट भी नीले गमछे में आ गये। कमाल तो तब हो गया जब केसरिया रंग वाले भी गले में नीले पटके पहनकर आ गये। रंग बदलने की इस कला पर सियासत वालों ने ही चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अक्टूबर के महीने में इस बार पर निगाह रखना कि ये चरखे लेकर ही ना बैठ जायें। एक ने कहा कि आप चरखे की बात कर रहे हो और मुझे लग रहा है कि गांधी जी की लंगोटी और लाठी का फैशन ही ना आ जाये। ये बड़े ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं और दूसरों के रंग से लेकर ढंग को बहुत जल्दी आत्मसात कर लेते हैं।

# माटीकला कारीगरों के लिए मुफ्त ट्रेनिंग टूलकिट भी मिलेगी-गाजियाबाद में आवेदन शुरू

## खादी बोर्ड की पहल, 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ रोजगार के नए मौके

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तहत जनपद में माटीकला (पॉटरी) से जुड़े कारीगरों और इच्छुक युवाओं के लिए बड़ा अवसर सामने आया है। इलेक्ट्रिक/इलेक्ट्रॉनिक्स चाक आदि पर काम सीखने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाना है। इस योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को 3 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण और 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा और इसमें भोजन, चाय-नाश्ता व ठहरने की सुविधा भी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के बाद चयनित अभ्यर्थियों को मुफ्त टूलकिट भी दी जाएगी।

आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 55 वर्ष निर्धारित की गई है। ऐसे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो, माटीकला का अनुभव या तकनीकी ज्ञान हो, या फिर इस क्षेत्र में



काम करने की रुचि रखते हों। प्रशिक्षण विभागीय केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा, जहां आधुनिक उपकरणों के साथ कारीगरों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद तैयार कर सकें। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई 2026 तक 'जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, ए-1 मेरठ रोड, औद्योगिक क्षेत्र, निकट सिहानी चुंगी, गाजियाबाद' से संपर्क कर आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में मनाया गया अर्थ-डे

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में अर्थ-डे के अवसर पर ईको क्लब के अंतर्गत विभिन्न पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा द्वारा ईको-फ्रेंडली रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इसके पश्चात कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों ने स्कूल से लेकर प्रिटी पेंगुइन स्कूल तक रैली निकाली, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संदेश देते हुए जागरूकता फैलाई। प्रिटी पेंगुइन स्कूल की हेडमिस्ट्रेस मिस प्रेरणा शर्मा ने विद्यार्थियों की रैली की सराहना की तथा वहाँ प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक की भी खूब प्रशंसा की। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं द्वारा क्रमबद्ध गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने मिट्टी और बीजों की सहायता से सीड बॉल तैयार किए, जिससे उन्हें वृक्षारोपण और हरियाली के महत्व का ज्ञान हुआ। कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों ने टी-शर्ट



लीफ इम्प्रेशन पेंटिंग के माध्यम से पत्तियों से आकर्षक डिजाइन बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कक्षा चतुर्थ एवं पंचम के छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें बढ़ते प्रदूषण और पृथ्वी को बचाने के उपायों को दर्शाया गया। कक्षा षष्ठम के विद्यार्थियों ने पुराने समाचार पत्रों से पेपर बैग बनाकर प्लास्टिक के स्थान पर इनके उपयोग का संदेश दिया। कक्षा सप्तम एवं अष्टम के छात्रों ने पेपर प्लेट्स पर सुंदर मंडला आर्ट बनाकर पर्यावरण के अनुकूल सजावट के नए तरीके प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# गाजियाबाद में 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**⇨ विभिन्न प्रकार के वादों का होगा सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा बनौधिया ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 9 मई 2026 दिन शनिवार को समय प्रातः 10.00 बजे स्थान जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद विनोद सिंह रावत के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार वाद एवं दाम्पत्य विवादों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं।




# किस टू-स्टार की शान हैं तीन गोल्ड मेडल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दरोगाओं का अंबार है। तो कुछ टू-स्टार आज भी पहचान के लिए परेशान हैं। पर सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक टू-स्टार जिनके पास तीन-तीन गोल्ड मेडल हैं, उनकी चर्चा जमकर हो रही है। जो उनकी वर्दी व शरीर की तरफ देखता है, वो देखता ही रह जाता है। उनकी पर्सनालिटी बात और भौकाल अलग ही नजर आता है। मिली जानकारी के अनुसार वो टू-स्टार कुछ ही महीने पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दूसरे कमिश्नरेट से एंट्री लेकर आए हैं। इस टू-स्टार के सीने पर तीन गोल्ड मेडल अलग ही शान बढ़ाने का काम करते हैं। वो आजकल जिस भी अधिकारी के पास, पुलिस के कार्यालय और अन्य ऑफिस में पहुंचते हैं, उनका स्वैग अलग बन जाता है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि 95 बैच के सिंह साहब टू-स्टार तीन गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। यह लंबी पारी यूपी की उस एसटीएफ में खेल चुके हैं जिनके नाम से बदमाश इलाका बदल लेते हैं और इनकी यूनिट सर्दी में भी पसीना निकाल देती है। तो बताया जा रहा है कि यह टू-स्टार भगवान कृष्ण की नगरी में भी अपना कमाल दिखा चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इनको पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आए हुए दो महीने का समय हो गया है और यह वर्तमान में सिटी जोन के एक थाने में तैनात चल रहे है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि उन्होंने कई बदमाशों से आमने-सामने का लोहा लिया है। तो कई का सफाया भी खुद हथियार उठाकर किया है। बताया जा रहा है कि इनकी पर्सनैलिटी और सीने पर लगे तीन गोल्ड स्टार इनकी वर्किंग खुद बता देते हैं। बताया जा रहा है कि यह खास विंग में भी रह चुके हैं। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इनको कब अच्छी चेयर मिलती है। जहां इन्हें एडजस्ट किया जाएगा। वैसे बताया जा रहा है कि फिलहाल मामला जांच और दबिश के चक्कर में लगा हुआ है। तो उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं वैसे तो वर्तमान में बड़ी संख्या में टू-स्टार हैं, पर कब कौन किस कुर्सी पर सवार हो जाए कहां नहीं जा सकता है। इन सबके बीच सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एसीपी वाले अधिकारियों की लिस्ट के लिए फाइनल काम हो चुका है। बस जल्द ही एसीपी वाली लिस्ट आएगी और फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ नए फेस एंट्री लेंगे, जो रेस में आगे हैं, वो सेट हो जाएंगे और कुछ रेस्ट पर की रह जाएंगे।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Sunil Kumar Sharma**
24m ·

कल वाराणसी में मेरे सुरक्षा अधिकारी श्री विनय सिंह की भतीजी के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुआ एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपने सुरक्षा अधिकारी विनय सिंह की भतीजी के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंचे। यह सुनील शर्मा का एक आत्मीय अंदाज है और यह उनका व्यक्तित्व भी है कि हमेशा अपनों की खुशी को सबके साथ साझा करते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# निरालाश्री सम्मान से अलंकृत हुए तेजनारायण बेचैन हिंदी भवन में सजी काव्य संध्या

**दिल्ली, करंट क्राइम।** राजधानी दिल्ली स्थित हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मण्डल द्वारा भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कविवर तेजनारायण बेचैन को हिंदी सेवी ब्रज शुक्ल 'घायल' की स्मृति में प्रतिष्ठित निरालाश्री सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की स्मृति को समर्पित है। इस अवसर पर आयोजित 'स्वर गंगा' कवि सम्मेलन में देशभर से आए रचनाकारों ने हास्य-व्यंग्य, गीत, गजल और वीर रस की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कविवर विनीत चौहान को साहित्य भारती सम्मान, हास्य कवि अरुण जैमिनी को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न सम्मान तथा कवि दिनेश रघुवंशी को काव्य किशोर सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित रचनाकारों को 51 हजार रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट किए गए। खचाखच भरे सभागार में अरुण जैमिनी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में हरियाणवी हास्य कविताओं से खूब ठहाके बटोरे। तेजनारायण बेचैन ने नाइजीरिया से लाए गए चीतों पर आधारित व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। विनीत चौहान की वीर रस से ओतप्रोत 'कर्ण' कविता और दिनेश रघुवंशी की माता-पिता एवं गांव पर आधारित संवेदनशील रचनाओं ने भी खूब सराहना पाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण शुक्ल ने प्रभावी शैली में किया। उन्होंने गीत, गजल और हास्य-व्यंग्य के मिश्रण से



पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। वहीं, कलाम भारती की वीर रस कविताओं और डॉ. रुचि चतुर्वेदी की ब्रज संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. चतुर्वेदी की तरन्नुम में प्रस्तुत पंक्तियां—

**'ब्रज की रज माधुरी ने कहा, भ्रमर से पांखुरी ने कहा,**
**अपनी राधा को आवाज दो, कृष्ण से बांसुरी ने कहा।'**

पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

साहित्य प्रेमी मण्डल की ओर से सूबे सिंह पाराशर, राजेश कुमार, निर्दोष शर्मा, पी.के. आजाद, मुकेश शर्मा, शशि भारती, अशोक शर्मा, दिनेश शर्मा और पंकज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम साहित्य और संस्कृति के उत्सव के रूप में देर तक यादगार बना रहा।

# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में 'LaTeX' तकनीकी लेखन पर सेमिनार आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज के एडमिन ब्लॉक में 17 अप्रैल 2026 को 'छंळी' विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को प्रोफेशनल डॉक्यूमेंटेशन और तकनीकी लेखन की बारीकियों से परिचित कराना था। मुख्य वक्ता आईआईआईटी सोनीपत के डॉ. एम.डी. अरकाम ने बताया कि शोध पत्र, थीसिस और वैज्ञानिक आरेखों के सटीक संपादन के लिए छंळी एक अनिवार्य टूल है। उन्होंने जटिल गणितीय सूत्रों और दस्तावेजों को प्रोफेशनल तरीके से तैयार करने का लाइव प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर वंदना शर्मा और विभागाध्यक्ष



योगिता कौशिक के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर सुंदरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल सहित कॉलेज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। अंत में स्वाति नागर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# 8वीं मंजिल से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली रिवर व्यू सोसाइटी में मंगलवार को एक बुजुर्ग की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग कंपनी में नुकसान होने से अवसाद में चल रहे थे। तनाव होने के कारण उन्होंने जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन की तरफ से पुलिस को अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। 15 दिन पहले ही वह पत्नी के साथ यहां रहने आए थे। पुलिस ने बताया कि 55 वर्षीय लक्ष्मीकांत जोशी पत्नी मीनाक्षी जोशी के साथ रहते थे। मंगलवार को उन्होंने फ्लैट की बॉलकनी से छलांग लगा दी।

# कमिश्नरेट के चौराहों को लेफ्ट फ्री कर जाम खत्म करने की कवायद तेज

# दूसरे दिन भी सड़कों पर उतरे डीसीपी और एसीपी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट का अभियान अब तेज हो गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन भी ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर हालात का जायजा लेते नजर आए। मंगलवार को जहां चौधरी मोड़ और अंबेडकर रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया गया, वहीं बुधवार को डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन और एसीपी ट्रैफिक प्रथम रितेश त्रिपाठी ने नया बस अड्डा, पुराना बस अड्डा और आसपास के व्यस्त मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खासतौर पर चौराहों को लेफ्ट फ्री रखने की व्यवस्था पर जोर दिया, ताकि वाहनों की आवाजाही बिना रुकावट के जारी रह सके और जाम की स्थिति न बने।

## पुराने बस अड्डे पर रहे अधिकारी मौजूद

पीक ऑवर्स में बढ़ते दबाव को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़क पर अनावश्यक रुकने वाले वाहनों, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही वाहन चालकों को भी चेतावनी दी गई कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक संचालन को बेहतर बनाने के लिए एक विस्तृत प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें लेफ्ट टर्न को फ्री रखना, सड़क किनारे अवैध पार्किंग हटाना और ट्रैफिक पुलिस की सक्रिय तैनाती शामिल है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने कहा कि उद्देश्य सिर्फ जाम खत्म करना ही नहीं, बल्कि शहर में यातायात को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना भी है। इसके लिए लगातार निरीक्षण और सुधारात्मक कदम जारी रहेंगे। पुलिस अधिकारियों की इस सक्रियता से उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा और लोगों को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

# अफ्रीकी देशों पर चीन की धौंस

**बीजिंग।** चीन के दबाव के चलते ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते का एस्वातिनी का दौरा स्थगित हो गया है। सेशेल्स, मॉरीशस और मेडागास्कर ने चीनी दबाव के कारण उड़ान की अनुमति वापस ले ली। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते का इस सप्ताह प्रस्तावित अफ्रीका दौरा अचानक स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने दावा किया है कि चीन के दबाव के चलते तीन देशों ने उनके विमान को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने की अनुमति वापस ले ली।

इस्वातिनी यात्रा पर था कार्यक्रम

राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को 22 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच इस्वातिनी की यात्रा करनी थी। यह देश अफ्रीका में ताइवान का अंतिम कूटनीतिक सहयोगी माना जाता है। राष्ट्रपति के सचिव पैन मेंग-एन ने बताया कि सेशेल्स, मॉरीशस और मेडागास्कर ने बिना किसी पूर्व सूचना के फ्लाइट परमिट रद्द कर दिए। उन्होंने आरोप लगाया 'यह फैसला चीन के अधिकारियों के भारी दबाव और आर्थिक प्रभाव के कारण लिया गया है।' चीन पर गंभीर आरोप उन्होंने आगे कहा कि चीन का कथित दबाव अन्य देशों के आंतरिक मामलों में खुला हस्तक्षेप है, यह क्षेत्रीय यथास्थिति को बाधित करता है।

# पटेल नगर में महिला की संदिग्ध मौत, एसिड पीने की आशंका



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना सिहानी गेट क्षेत्र के पटेल नगर थर्ड स्थित एक मकान में 55 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि महिला ने कथित तौर पर किसी एसिड जैसी वस्तु का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को घटना के बाद परिजन महिला रेखा बंसल को मरियम नगर स्थित सेंट जोसेफ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें फरीदाबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 22 अप्रैल की देर रात करीब 12:20 बजे महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी है। थाना सिहानी गेट पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# नेहरू नगर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, समय रहते पाया काबू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित एक मकान में बुधवार शाम शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निवासी विनोद कुमार के घर में शाम करीब 5:55 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, आग से कुछ घरेलू सामान कें नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित के अनुसार, स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है और मामले की जांच जारी है।

# ईरान में युद्ध के बाद शिक्षा बहाली तेज 1,300 में से 775 स्कूलों की मरम्मत पूरी



**ईरान।** अमेरिका-इस्राइल हमलों के बाद ईरान के कई स्कूल क्षतिग्रस्त हुए। 1,300 में से 775 स्कूलों की मरम्मत पूरी हो चुकी है। बाकी कार्य जारी है। पढ़ाई ऑफलाइन-ऑनलाइन जारी रही, जबकि छात्रों के लिए काउंसलिंग और श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।अमेरिका-इस्राइल एयर स्ट्राइक के बाद 40 दिन तक चले संघर्ष में ईरान के कई स्कूल और बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री अलीरेजा काजेमी ने बताया कि प्रभावित 1,300 स्कूलों में से 775 की मरम्मत पूरी हो चुकी है।

आईआरएनए के अनुसार, करीब 20 स्कूल पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि तेहरान, केर्मानशाह, इस्फहान और होर्मोजगान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है।हमलों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने के लिए कुछ जगहों पर ऑफलाइन और अन्य स्थानों पर ऑनलाइन कक्षाएं चलाई गईं, जिसमें ईरानियन टेलीविजन स्कूल ने अहम भूमिका निभाई। छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

मिनाब के शजराह तैयबा प्राइमरी स्कूल पर मिसाइल हमले में मारे गए 170 लोगों की याद में स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस हमले में अधिकांश छात्राएं और शिक्षक शामिल थे। सरकार का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था को सामान्य बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# 'ईरानी सेना की ताकत अब भी मजबूत', पेंटागन रिपोर्ट में खुलासा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की खुफिया शाखा की एक नई रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान की सैन्य क्षमता अभी भी मुख्य रूप से मजबूत बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नेतृत्व के हालिया बयानों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## अमेरिकी दावों से उलटी खुफिया रिपोर्ट

रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पहले दावा किया था कि हालिया संघर्षों के बाद ईरान की सेना को भारी नुकसान हुआ है और उसकी ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। लेकिन पेंटागन की खुफिया रिपोर्ट इन दावों से पूरी तरह असहमत नजर आ रही है।

इस आंतरिक खुफिया आकलन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध विराम को और बढ़ाने की घोषणा की है। उन्होंने इस निर्णय का कारण पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा एक नियोजित सैन्य हमले में देरी के लिए की गई सीधी अपील को बताया। यह घोषणा पिछले समय-सीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले सार्वजनिक की गई। हालांकि, इस घोषणा का तेहरान से तत्काल विरोध हुआ। ईरान के संसद अध्यक्ष के एक सलाहकार, महदी मोहाम्मदी ने अमेरिकी कदम को खारिज करते हुए कहा कि हारने वाला पक्ष शर्तें तय नहीं कर सकता। उन्होंने तर्क दिया कि यह विस्तार ईरानी सरकार के लिए कुछ भी मायने नहीं रखता और अमेरिकी सेना के खिलाफ सैन्य वृद्धि का आह्वान किया।

एक्स पर एक पोस्ट में, मोहाम्मदी ने कहा कि ट्रंप द्वारा युद्ध विराम का विस्तार कुछ भी मायने नहीं रखता क्योंकि हारने वाला पक्ष शर्तें तय नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि घेराबंदी जारी रखना बमबारी से अलग नहीं है और इसका जवाब सैन्य रूप से दिया जाना चाहिए।

## कूटनीति असफल, तनाव बरकरार

बीते दिनों दोनों देशों के बीच इस्लामाबाद में हुई 21 घंटे की लंबी बातचीत के बाद एक दीर्घकालिक समझौते को सुरक्षित करने का पिछला प्रयास बिना किसी सफलता के समाप्त हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की सैन्य शक्ति अभी भी पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्थिति बनाए हुए है। उसके सैन्य ढांचे को पूरी तरह कमजोर नहीं किया जा सका है।

# अमेरिकी सैनिकों के लिए फ्लू वैक्सीन अनिवार्य नहीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने सैनिकों के लिए फ्लू वैक्सीन अनिवार्य नहीं रहने की घोषणा की है। अब स्वास्थ्य, धार्मिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत अधिकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने अपनी स्वास्थ्य नीति में बड़ा बदलाव करते हुए सैनिकों के लिए फ्लू वैक्सीन को अब अनिवार्य नहीं रखा है। इस फैसले के बाद अब अमेरिकी सैनिक अपनी इच्छा और धार्मिक आस्था के आधार पर वैक्सीन लेने या न लेने का निर्णय ले सकेंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैनिक फ्लू वैक्सीन लेने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन उन्हें इसके लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। उनका शरीर, आस्था और दृढ़ विश्वास पर समझौता नहीं किया जा सकता।

# होर्मुज में फिर बिगड़े हालात: ईरानी सेना ने भारत आ रहे इस जहाज को बनाया बंधक, तीन पर की गोलीबारी






**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने तीन मालवाहक जहाजों पर गोलीबारी कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है। यह हमला राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सीजफायर बढ़ाने के ऐलान के बावजूद हुआ, क्योंकि अमेरिका ने ईरान की घेराबंदी खत्म नहीं की है। इस तनाव से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 98 डॉलर के पार पहुंच गई हैं।

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर बारूद की गंध फैल गई है। बुधवार को ईरानी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलसीमा से गुजर रहे तीन व्यापारिक जहाजों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इसमें एक जहाज तो भारत की ओर आ रहा था। इन हालातों में वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान की शांति वार्ता को लेकर प्रयास किए जा रहे थे।

## ट्रंप का संघर्षविराम का फैसला काम नहीं आया

यह हमला उस वक्त हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को खत्म होने वाले संघर्षविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया था। ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि इससे बातचीत का रास्ता खुलेगा। हालांकि, ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि ईरान के बंदरगाहों की घेराबंदी जारी रहेगी। ईरान इसी बात से नाराज है। ईरान के कूटनीतिज्ञों का कहना है कि जब तक अमेरिका अपनी घेराबंदी नहीं हटाता, तब तक वे किसी भी तरह की शांति वार्ता के लिए मेज पर नहीं आएंगे। यानी सीजफायर होने के बावजूद समुद्र में छिड़ी यह जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।

**आखिर ईरान ने जहाजों पर हमला क्यों किया:** ईरान की अर्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बुधवार सुबह इस दुस्साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया। खबरों के मुताबिक, ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। इसके कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया गया, जिसके ईरानी तट पर फंसे होने की खबर है।

**समुद्री जंग का क्या असर कितना:** होर्मुज में बढ़ते तनाव का सीधा असर आपकी जेब पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (बेंट क्रूड) की कीमत 98 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है, जो युद्ध शुरू होने के बाद से 35 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है।

# 'मेरे लिए पद से अधिक नैतिकता का महत्व': सुदन गुरुंग

## विवादों के बीच नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने दिया इस्तीफा



नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने वित्तीय विवादों के बाद नैतिकता का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि नैतिकता किसी भी पद से ज्यादा मायने रखती है। मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पद छोड़ना जरूरी था।

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह फैसला नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपने वित्तीय निवेशों (शेयरों) की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए किया है। फेसबुक पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए गुरुंग ने कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मानकों को बनाए रखना चाहते हैं।

नेपाली भाषा में किए गए फेसबुक पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैं सुदान गुरुंग 2082 चैत्र 13 से गृहमंत्री की जिम्मेदारी पर ईमानदारी से काम कर रहा हूं। पिछले कुछ समय से उनके शेयरों और संपत्ति को लेकर जनता के बीच कई सवाल उठ रहे थे। गुरुंग ने कहा कि उन्होंने नागरिकों की चिंताओं और टिप्पणियों को बहुत गंभीरता से लिया है। उनके अनुसार, किसी भी पद की तुलना में नैतिकता का वजन ज्यादा होता है और जनता का भरोसा ही सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने आज के 'जेन जेड' आंदोलन का भी जिक्र किया। गुरुंग ने कहा कि आज के युवा सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। उनके मुताबिक, नेतृत्व को हमेशा जवाबदेह होना चाहिए। उन्होंने उन 46 लोगों के बलिदान को याद किया जिनके संघर्ष से यह सरकार बनी है। गुरुंग ने कहा कि जब सरकार पर सवाल उठते हैं, तो नैतिकता ही एकमात्र सही जवाब होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पद पर रहते हुए हितों का टकराव हो सकता था, इसलिए जांच को पारदर्शी बनाने के लिए उन्होंने पद छोड़ना ही बेहतर समझा।

पूर्व गृह मंत्री ने मीडिया, युवाओं और आम नागरिकों से ईमानदारी के रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम बदलाव चाहते हैं, तो हमें आत्म-शुद्धि करनी होगी। उन्होंने मीडिया पर भी निशाना साधा और कहा कि कुछ मीडियाकर्मियों के 'पसंदीदा शेयरों' की जानकारी भी समय आने पर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग 'राम राज्य' की कल्पना करते हैं, उनमें त्याग करने का साहस होना चाहिए।

नेपाल की राजनीति में यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब हाल ही में एक और मंत्री पर कार्रवाई हुई है। 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार शाह को बर्खास्त कर दिया था। उन पर अनुशासनहीनता और पद के दुरुपयोग के आरोप थे।

जांच में पाया गया कि दीपक कुमार शाह ने अपनी पत्नी जुनु श्रेष्ठ को स्वास्थ्य बीमा बोर्ड का सदस्य बनाए रखने के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल किया था। पार्टी की अनुशासन समिति की रिपोर्ट के बाद प्रधानमंत्री ने उन्हें पद से हटाने की सिफारिश की थी।

# ईरान के खिलाफ ऑपरेशन में मारा गया मोसाद एजेंट मिस्ट 'मेम', 2023 में ही बिछा दिया था जाल



**इस्राइल।** मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने खुलासा किया कि मई 2023 में इटली की एक झील में नाव हादसे में मारे गए एजेंट मेम ने ईरान के खिलाफ इस्राइल के हालिया अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि मेम गुप्त ऑपरेशनों, नई तकनीक और रणनीतिक अभियानों के विशेषज्ञ थे।

इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के एक एजेंट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने ईरान के खिलाफ इस्राइल के हालिया अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह जानकारी मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने मंगलवार को दी। इस्राइली एजेंट की मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे में मौत हो गई थी।

**मेम नाम से थी पहचान**

यह एजेंट केवल उनके नाम के पहले हिब्रू अक्षर मेम से पहचाने जाते हैं। उनकी मौत इटली की मैगी गोर झील में नाव पलटने से हुई थी, जिसमें कुल चार लोगों की जान गई थी। उस समय इटली की मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी पहचान 50 वर्षीय एरेज शिमोनी के रूप में की गई थी, जिसे एक उपनाम माना जाता है।

उनकी असली पहचान आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई, हालांकि इस्राइल की आधिकारिक स्मारक वेबसाइटों पर उपलब्ध बताई जाती है।

**देश के लिए किया अपना जीवन समर्पित**

मोसाद मुख्यालय में आयोजित मेमोरियल डे समारोह में डेविड बार्निया ने कहा कि आज के दिन मैं उन शहीद मोसाद कर्मियों को याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक इस्राइल की सुरक्षा में योगदान दिया और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रोअरिंग लायन के दौरान मेरे विचार और मेरा हृदय मेम के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को लेकर गर्व से भर गया था। वह इस्राइल के बाहर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए।

बार्निया ने आगे कहा, मेम के नेतृत्व में चलाया गया अभियान रचनात्मकता, चतुराई और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण था, जिसने ईरान के खिलाफ अभियान की सफलता पर महत्वपूर्ण असर डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही अभियान था, जिसने हालिया इस्राइल-ईरान युद्ध के दौरान इस्राइल की सफलता में योगदान दिया।

इटली की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस नाव पर हादसा हुआ, उस पर खुफिया एजेंटों की एक कार्य बैठक चल रही थी।इटली की सुरक्षा सेवा ने बताया था कि हादसे में मारे गए दो अन्य लोग 62 वर्षीय एक पुरुष और 53 वर्षीय एक महिला उसके कर्मचारी थे।

# ओमान के पास समुद्री जहाज पर IRGC का हमला

## शिप को हुआ भारी नुकसान, सभी क्रू मेंबर सुरक्षित



**लंदन।** ओमान के पास ईरानी गनबोट ने एक कंटेनर जहाज पर हमला किया, जिससे जहाज को भारी नुकसान पहुंचा है। इस घटना से समुद्री क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ओमान के पास समुद्र में एक कंटेनर जहाज पर हमला हुआ है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) ने इस घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की एक गनबोट ने इस जहाज पर हमला किया। यह हमला ओमान के तट से लगभग 15 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में हुआ।

## क्या बोले जहाज के कप्तान?

जहाज के कप्तान ने बताया कि ईरानी गनबोट ने बिना किसी चेतावनी के अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में जहाज के ब्रिज (कंट्रोल रूम वाला हिस्सा) को काफी नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह रही कि जहाज से किसी आग लगने या पर्यावरणीय प्रभाव की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। जहाज पर मौजूद सभी कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं। वङटळड ने इस रास्ते से गुजरने वाले अन्य जहाजों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की सलाह दी है।

## युद्धविराम के बाद भी तनाव बरकरार

दूसरी तरफ, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (उएठळउडट) ने अलग दावा किया है। उनका कहना है कि अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस स्प्रुएंस ने अरब सागर में ईरानी जहाज तूसका (ळडवरङअ) को रोका था। अमेरिका के अनुसार, इस जहाज ने समुद्री घेराबंदी के नियमों को तोड़ा था। फिलहाल इस इलाके में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। क्रळ्ऋ ने चेतावनी दी है कि वे अमेरिकी सेना की इस सशस्त्र डकैती का बदला जरूर लेंगे। युद्धविराम की अवधि बढ़ने के बावजूद दोनों देशों के बीच हालात गंभीर बने हुए हैं।

## क्यों बढ़ रहा तनाव?

अल जजीरा के अनुसार, समुद्र में यह तनाव पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहा है। 20 अप्रैल को ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों की तरफ ड्रोन भेजे थे। ईरान का कहना है कि ओमान के सागर में उनके एक व्यापारिक जहाज पर हमला हुआ था, जिसके जवाब में उन्होंने यह कदम उठाया। वहीं, क्रळ्ऋ ने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने उनके एक मर्चेंट शिप पर फायरिंग की थी, लेकिन ईरानी कार्रवाई के बाद अमेरिकी सैनिकों को पीछे हटना पड़ा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेना ने ईरानी जहाज को डराने और उसे वापस ईरानी सीमा में भेजने के लिए निशाना बनाया था। इस बीच, ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का फैसला किया है। IRGC ने कहा कि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की समुद्री घेराबंदी कर रखी है।

# जहाज टोस्का की रिहाई के लिए यूएन पहुंचा ईरान, अमेरिका के खिलाफ की शिकायत

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने उसके व्यावसायिक जहाज टॉस्को को ओमान सागर में जबरन कब्जे में ले लिया। ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने यूएन को पत्र लिखकर इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और समुद्री डकैती जैसा कृत्य बताया। उनका कहना है कि इस कार्रवाई से चालक दल की सुरक्षा खतरे में पड़ी है।

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से अपील की है कि वह अमेरिका पर दबाव डाले ताकि ईरान के एक व्यावसायिक जहाज टोस्का और उसके चालक दल को तुरंत रिहा किया जा सके। ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत अमीर सईद इरावानी ने इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने अमेरिका के इस कदम पर गंभीर चिंता जताई है।

23 April -26 page 8 22-04-2026 10:29 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# गोविन्दपुरम अनाज मंडी में डीएम का छापा
# घटतौली पर सख्त चेतावनी

## किसानों की सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं
## रिकॉर्ड और भंडारण व्यवस्था भी खंगाली गई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविन्दपुरम अनाज मंडी में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने औचक निरीक्षण कर पूरे सिस्टम को हिला दिया। अचानक पहुंचे डीएम के तेवर देखते ही मंडी प्रशासन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ कर दिया कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या धोखाधड़ी अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सबसे पहले डीएम ने किसानों के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया और साफ-सफाई व सुविधाओं की स्थिति पर कड़ी नजर डाली। इसके बाद उन्होंने मंडी परिसर में यातायात और पार्किंग व्यवस्था को देखा, जहां अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर भी चेतावनी

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेंटेनेंस रजिस्टर, खाता बही और गेट रजिस्टर समेत सभी अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने साफ कहा कि रिकॉर्ड अपडेट रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली, तो जिम्मेदारों पर सीधी कार्रवाई होगी। प्रशासन अब केवल व्यवस्थाओं ही नहीं, बल्कि दस्तावेजी पारदर्शिता पर भी पूरी नजर रख रहा है।

### भंडारण व्यवस्था की भी जांच

गोदामों में रखे अनाज की गुणवत्ता, सुरक्षा और रखरखाव का भी डीएम ने बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नमी, कीटों से सुरक्षा, नियमित फ्यूमिगेशन और उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि खाद्यान्न खराब न हो।

### घटतौली पर सख्त रुख

**करंट क्राइम।** निरीक्षण का सबसे अहम पहलू घटतौली को लेकर डीएम की सख्ती रही। तौल कांटों की जांच कराते हुए उन्होंने दो टूक कहा कि अगर किसी व्यापारी या कर्मचारी द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी की गई, तो सीधे कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने तौल प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

### खानपान और मूलभूत सुविधाओं पर फोकस

**करंट क्राइम।** डीएम ने किसानों के लिए खानपान की व्यवस्था भी परखी और साफ निर्देश दिए कि भोजन स्वच्छ और उचित दरों पर उपलब्ध कराया जाए। शौचालयों और विश्राम स्थलों की स्थिति पर भी उन्होंने नाराजगी जताते हुए नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा।

# गाजियाबाद में लू का अलर्ट, 5 दिन तक 40 डिग्री से ज्यादा तापमान
# एडीएम सौरभ भट्ट ने जारी की एडवाइजरी




## दोपहर में बाहर निकलने से बचें, डिहाइड्रेशन से खतरा: प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में आने वाले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सौरभ भट्ट ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है, जबकि 44.48 डिग्री सेल्सियस पर हीटवेव घोषित की जाती है। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान और उच्च आद्रता के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन, ऐठन और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, बीमार और मजदूर वर्ग के लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। शहरी क्षेत्रों में 'अर्बन हीट आइलैंड' की स्थिति भी खतरा बढ़ा रही है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से वैभव पाण्डेय (जिला आपदा विशेषज्ञ) द्वारा आम नागरिकों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

**क्या करें:** दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें और हल्के, ढीले सूती कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें और छाता या टोपी का उपयोग करें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नियमित रूप से पानी पीते रहें और ओआरएस, नारियल पानी, लस्सी, छाछ, नींबू पानी व आम पन्ना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। चक्कर, कमजोरी या तबीयत खराब होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे व शटर का उपयोग करें।

**क्या न करें:** दोपहर में भारी काम करने से बचें और अधिक प्रोटीन व बासी भोजन का सेवन न करें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों से दूरी बनाए रखें, क्योंकि ये शरीर को और ज्यादा निर्जलित करते हैं। दिन के सबसे गर्म समय में खाना बनाने से बचें और रसोई को हवादार रखें।




**मुख्य बातें:** गाजियाबाद में अगले 5 दिन लू का खतरा बना रहेगा, तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने, शरीर को हाइड्रेट रखने और दोपहर में धूप से बचने की सलाह दी है, ताकि हीटवेव के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रांतिकारी युवा त्यागी के अंदाज नहीं रहे अब सस्ते? हमने देखा- जबसे ठोंकी है उन्होंने विधानसभा वाली दावेदारी, तबसे मजबूत हो रहे हैं उनके बस्ते? बैठे थे हम एक कार्यक्रम में विधायक जी बोले उनको विधायक जी नमस्ते? आसपास बैठे चेहरे सुनकर हो गए इस बात से हैरान? कहने वाले ने कहा- जिस जगहा का रास्ता चुन लो उसी तरफ उसी तरह के होने लगते हैं काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों कराया कराने वाले ने एक साल एक महीना पांच दिन की वर्किंग का अहसास? वो बोला- जिनको है बड़ी जिम्मेदारी, वो नहीं गए हैं 17 मंडल में अब तक, उन तक पहुंचा देना हमारी बात? उन्होंने किसी भी मंडल में नहीं की है अभी तक अपनी मीटिंग अरेंज? कहने वाले ने कहा- आपको ये बात लग रही होगी ना बिल्कुल स्ट्रेंज? मैं आपको दे रहा हूं मुरादनगर देहात से लेकर मुरादनगर शहर तक का उदाहरण? इतने लंबे समय से वो क्यों नहीं जा पाए कम से कम बताना चाहिए उनको कारण?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक विधानसभा से आई हमारे पास एक बात , सुना है यहां पर एक चौधरी हो गया था विधायक जी से नाराज? सुना है जब विधायक जी ने पूछी उससे किसी तरह की समस्या वाली बात, तो बिगड़ गए फिर यहां पर सारे हालात? चौधरी ने बोला- जब हम आपके पास गए थे तब आपने कौन सा किया था समस्या का समाधान? अब कौन सा आप कर दोगे हमारा काम आसान? सुना है, मामला पुराना है मगर अभी तक चचाओं में बना हुआ है आम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो हकीकत में दिखाते हैं योद्धा वाले किरदार? हमने देखा- जब फूंकना था विपक्ष के दो बड़े नेताओं का पुतला, तब वो पूरा करके आए थे जुगाड़? गाड़ी की डिग्गी को खोलकर निकाली थी उन्होंने डीजल की बोतल? मुद्दा इतना था कि पुतले जल जाएं टोटल? कहने वाले ने कहा- उनकी इस अदा को देखकर थे हैरान, आखिर यूं नहीं कहा जाता है उन को भगवा योद्धा, इतनी बारीकी से देते हैं वो अपने मिशन को अंजाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पुतला दहन को लेकर पूरी अलर्ट थी भगवा गढ़ की महिला ब्रिगेड? पुतले को विपक्ष के नेताओं के कौन से कपड़े पहनाने हैं, इस बात का भी था सबको एहसास? एक नेता के पुतले को वाइट टी-शर्ट और पेंट पहनाई, दूसरे को पहनाया पिंक कलर का कुर्ता? कहने वाले ने कहा- यहां पर मामला रेड पर सेट करना चाहिए था, वहां अगर व्हाइट टी-शर्ट का चुनाव किया था तो यहां लाल कलर चुनना चाहिए था?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा भगवा बहनों ने पुतला दहन का कार्य तो कर दिया सही से अर्पण? मगर, ये सब भूल गईं करना रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति पर करना माल्यार्पण? दहन के बाद किसी ने नहीं दिया माला पहनाने पर ध्यान? चली गईं सब अपने-अपने रास्तों पर जब फिनिश हो गया पुतला दहन का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा- हमने इन शब्दों को यूं ही नहीं है आपसे कह डाला? जब हुआ था प्रोग्राम का अंत तब पन्नी में ही पड़ी हुईं थी सारी माला?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम मौजूद थे महिला वाले प्रदर्शन में, वहां कुछ भगवा बहनें बात बना रही थी? वो एक-दूसरे के कान में चर्चा कर रही थीं कि नदिया पार की महिला रावत आखिर क्यों इतने नारे लगा रही थीं? वो दिख रही थी महिला रावत के जोश से हैरान? जैसे नारों की गूंज बढ़ रही थी, वैसे-वैसे हो रही थी वो परेशान? दे रहीं थी वो अपने शब्दों यही संदेश, कछ तो मिलने वाला मैडम रावत को, यूं ही इतना एग्रेसिव अंदाज नहीं दिखा रहा है उनका फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे थे प्रदर्शन के दौरान पूरी प्रीत से मैडम राय ने और मैडम कौर ने लगाया हुआ था पूरा जोर? मगर, अचानक कुछ ऐसा हमने देखा, दोनों को कर दिया गया इग्नोर? देने वाले ने नहीं दिया दोनों के हाथ में माइक? मौके पर ही कर दिया धप्पा, नहीं होने दिया आइस-पाइस? सुना है, इस अनदेखी से दोनों मैडम दिख रही थीं नाराज? एक प्रदर्शन बाहर चल रहा था और दिल में कुछ और ही आक्रोश पल रहा था?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर के पास थी जब संगठन वाली जिम्मेदारी? हम देखते थे भगवा भारद्वाज का चेहरा स्माइलिंग की जगह रहता था भारी-भारी? मगर जब से योद्धा के हाथ में आई है संगठन की कमान, तब से भारद्वाज के चेहरे का भी लुक बदल गया है श्रीमान? ऐसा लगता है, जैसे भर गए हों पुराने डेंट महामंत्री बनने के बाद? खूब दिखाई देता है उनके चेहरे पर योद्धा की तारीफ करते हुए एक्साइटमेंट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व मेयर ने लिया पूरी आशा से महिला मोर्चा के प्रदर्शन वाले कार्यक्रम में कमबैक? देखते ही बन रहा था उनके उत्साह का स्वैग? फोटो खिंवचाने को लेकर एक्साइटमेंट दिखा रही महिला नेताओं को उन्होंने दे दी मौके पर ही सीख? कह दिया प्रदर्शन से ज्यादा कैमरे के चक्कर में आना नहीं है ठीक? तुम्हें राजनीति में रहना होगा हर मुद्दें पर चौकस, कुछ नहीं मिलता है कैमरे पर करने से फोकस? ये शब्द सुनकर आ गई पास खडीं कुछ महिला नेताओं के चेहरे पर मुस्कान? वो बोलीं हमने इनको भी अखबारों में खूब देखा है, फिर हमारे सामने क्यों खींचना चाह रही इस तरह की रेखा है।

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गाजियाबाद में व्यापारी सम्मेलन, आयोग गठन और पेंशन की मांग तेज
## राष्ट्रीय व्यापार मंडल के मंच से उठी आवाज-व्यापारियों को राजनीति में भी मिले भागीदारी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर गजप्रस्थ स्थित ऑर्नेट पैलेस मैरिज होम में राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जोरदार आवाज उठी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री विवेक त्यागी ने की, जबकि आयोजन जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सैकड़ों व्यापारियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने व्यापारी आयोग के गठन की मांग प्रमुखता से उठाई और कहा कि जिस तरह अन्य वर्गों के लिए आयोग हैं, उसी प्रकार व्यापारियों के लिए भी अलग आयोग होना चाहिए। साथ ही 60 वर्ष की आयु के बाद व्यापारियों को सांसदों-विधायकों की तर्ज पर पेंशन देने की मांग भी रखी गई।



### व्यापारियों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं : पंडित अशोक भारतीय

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। वहीं विधायक अजीत पाल त्यागी ने व्यापारियों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। सम्मेलन में मेरठ के डिप्टी मेयर अनिल वर्मा, मनोनीत पार्षद प्रदीप चौधरी और मंगू प्रधान को सम्मानित किया गया। साथ ही नगर निगम द्वारा दी गई छूट को अपर्याप्त बताते हुए उसमें वृद्धि और नियमों के सरलीकरण की मांग उठाई गई। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार की वार्षिकी पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। सम्मेलन में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# 2023 बैच पर सख्ती जारी, लापरवाही पर तीन सब-इंस्पेक्टर लाइन हाजिर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 2023 बैच के पुलिसकर्मियों पर सख्ती लगातार जारी है। लापरवाही और शिकायतों के चलते विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है, जिसके तहत कार्रवाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला ग्रामीण जोन का है, जहां तीन उपनिरीक्षकों (सब-इंस्पेक्टर) को लाइन हाजिर किया गया है। आदेश के मुताबिक उपनिरीक्षक राहुल कुमार थाना ट्रॉनिका सिटी से पुलिस लाइंस, उपनिरीक्षक लवकुश दीक्षित थाना मोदीनगर से पुलिस लाइंस और उपनिरीक्षक विपिन दहिया थाना मोदीनगर से पुलिस लाइंस भेजे गए हैं। इन सभी के खिलाफ कार्य में लापरवाही और शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वहीं डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि अनुशासनहीनता या लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग की इस सख्ती से यह साफ संकेत है कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों पर लगातार कार्रवाई होती रहेगी।

# रामकथा में उमड़ा जनसैलाब, केवट-भरत प्रसंग ने बांधा समां
## लोनी में भक्ति का माहौल, नंदकिशोर गुर्जर का संदेश-राम के मार्ग पर चलना ही सच्ची भक्ति




**लोनी, करंट क्राइम।** सिद्ध बाबा रामपार्क में आयोजित भव्य श्रीरामकथा के आठवें दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन में कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और भावनाओं से सराबोर हो गया।

कथा के दौरान व्यास जी ने केवट और भरत प्रसंग का मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि इन दोनों चरित्रों से त्याग, समर्पण और सच्ची भक्ति की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि भगवान राम और भरत ने संपत्ति का नहीं, बल्कि विपत्ति का बंटवारा किया, जबकि केवट ने निष्काम भाव से प्रभु की सेवा कर भक्ति की सर्वोच्च मिसाल पेश की। नषादराज गुह से भेंट और गंगा पार कराने वाले प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

राम-भरत मिलन के प्रसंग पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा व्यास ने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति संभव है और मनुष्य भवसागर से पार हो सकता है।

अपने प्रवचन में उन्होंने ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद के जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि ज्ञान, साधना और समर्पण से व्यक्ति समाज और राष्ट्र को दिशा दे सकता है। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, महामंडलेश्वर परमहंस दाती और महंत राधेश्याम पुरी सहित कई संतों ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया और आयोजन की सराहना की।

### 'राम का जीवन हर व्यक्ति के लिए आदर्श है' : नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** अपने संबोधन में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मयार्दा और सेवा का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज को सही दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि लोनी की यह रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, एकता और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का एक अभियान है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अंतिम दिन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का पुण्य लाभ लेने की अपील की। गुरुवार को कथा का नौवां और अंतिम दिन आयोजित होगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अर्थ डे पर नगर निगम का महाभियान, 5000 से अधिक पौधे लगाए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद ने विश्व पृथ्वी दिवस पर शहरभर में व्यापक अभियान चलाते हुए प्लांटेशन और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज के नेतृत्व में इंदिरापुरम, मोहन नगर, लोहिया नगर, विजयनगर, कविनगर व वैशाली सहित विभिन्न क्षेत्रों के पार्कों में 5000 से अधिक पौधे लगाए गए। तो अभियान में स्कूली छात्र-छात्राओं और सामाजिक संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोहिया नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन टीम ने ट्रैफिक सिग्नलों पर रेड लाइट ऑन, इंजन ऑफ का संदेश देकर लोगों को प्रदूषण कम करने के लिए जागरूक किया। साथ ही वेस्ट टू आर्ट के जरिए रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में पार्षद कुलदीप सहित निगम अधिकारियों ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर शहर को स्वच्छ व हरित बनाने का संकल्प दिलाया।

### हापुड़ चुंगी पर दिया नो पॉल्यूशन का संदेश



# सीएम ग्रामोद्योग रोजगार योजना फिर शुरू
## 10 लाख तक का लोन-गाजियाबाद के युवाओं के लिए मौका
### खादी बोर्ड की पहल, ग्रामीण बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना को दोबारा शुरू कर दिया है। योजना के तहत युवा बैंक से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

योजना के तहत उद्योग और सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत पर 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं देना होगा, जबकि बाकी ब्याज शासन द्वारा अनुदान के रूप में दिया जाएगा। महिला और आरक्षित वर्ग को इसमें अतिरिक्त लाभ मिलेगा। आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति/निवास प्रमाण पत्र और प्रोजेक्ट रिपोर्ट जैसे दस्तावेज अपलोड करना




अनिवार्य होगा। चयन स्कोर कार्ड के आधार पर होगा और आवेदन बैंकों को भेजे जाएंगे। योजना का लाभ केवल ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने पर ही मिलेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनें। योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध होगा, जिसमें सामान्य वर्ग को 4% ब्याज स्वयं देना होगा और शेष पर सरकारी अनुदान मिलेगा। आवेदन के लिए 18-50 वर्ष आयु सीमा तय है और पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। योजना का लाभ केवल ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने पर मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।